अध्याय 23
परमेश्वर के नियत समय

लैव्यव्यवस्था 23 में, यहोवा का ध्यान उन नियमों से हटकर जो मुख्य रूप से याजकों विषय में थे उन मामलों की ओर गया जो एक औसत इस्राएली को भी उतना ही प्रभावित करते थे जितना वे याजकों को करते थे। परमेश्वर ने मूसा को धार्मिक पर्वों और पवित्र दिनों के विषय में निर्देश दिए जो उसके लोगों को मानने थे - ऐसे अवसर जिनके विषय में परमेश्वर ने कहा था कि वे "उसके नियत समय" हैं। ये निर्देश मूसा को लोगों को सौंपने के लिए दिए गए थे (23:1, 2)। अध्याय यह कहते हुए समाप्त होता है कि मूसा ने परमेश्वर के निर्देशों के अनुसार किया: उसने "इस्राएल की सन्तानों के सामने यहोवा के नियत समयों की घोषणा की" (23:44)।

क्यों "इस्राएल के पुत्रों" - साधारण इस्राएलियों, केवल याजकों को ही नहीं - यहोवा के लिए समर्पित इस्राएल के विशेष समयों को जानने की आवश्यकता थी? क्योंकि उन्हें इन समयों में भाग लेना था! उन अवसरों पर विशेष बलिदान चढ़ाए जाने थे, और याजकों को यह जानने की आवश्यकता थी कि प्रत्येक पर्व के लिए किन भेंटों की आवश्यकता थी। हालांकि, केवल याजक ही नहीं थे जो इसमें सम्मिलित थे। उदाहरण के लिए प्रत्येक इस्राएली को सब्त के दिन विश्राम करना था, झोपड़ियो के पर्व के दौरान अस्थायी तम्बुओं में रहना था, और प्रायश्चित के दिन स्वयं को नम्र करना था। इसी कारण, इस अध्याय में पाई जाने वाली जानकारी को परमेश्वर के सभी लोगों के लिए जानना आवश्यक था।[1]

परिचय के बाद, परमेश्वर के "नियत समयों" में से सात के विषय में निर्देश दिए गए हैं, फसह, अखमीरी रोटी का पर्व, कटनी का पर्व (या फसल या सप्ताहों[2]), नववर्ष का पर्व, प्रायश्चित के दिन, और झोपड़ियों (तम्बुओं और कटाई) का पर्व।[3]

सब्त के वर्णन के बाद (23:3), घटनाओं पर कालक्रम के अनुसार चर्चा की गई है। वर्ष के पहले भाग में निर्धारित तीन पर्वों का वर्णन किया गया है (23:4-22), और फ़िर वर्ष के दूसरे छमाही (सातवें महीने में सभी) में तीन नियत समय पर चर्चा की गई है (23:23-43)। परमेश्वर का 23:22 में यह कथन "मैं यहोवा हूँ" और 23:3 में परिचय के इन शब्दों का दोहराव "यहोवा ने मूसा से बातें कीं" अध्याय को दो भागों में विभाजित करता है: पहला भाग बसंत ऋतु के पर्वों की बात करता है, और अन्तिम भाग पतझड़ के पर्वों के विषय में।[4]

परिचय (23:1, 2)

[1]फ़िर यहोवा ने मूसा से कहा, [2]"इस्राएलियों से कह कि यहोवा के पर्व जिनका तुम को पवित्र सभा एकत्रित करने के लिये नियत समय पर प्रचार करना होगा, मेरे वे पर्व ये हैं।"

आयतें 1, 2. अध्याय एक परिचय के साथ आरम्भ होता है, जो परमेश्वर को इन नियमों के लेखक के रूप में मान्यता देता है। शेष अध्याय में नियम परमेश्वर के नियत समय से सम्बन्धित हैं - वे विशेष दिन या परमेश्वर ने जिन्हें पवित्र लोगों के रूप में उसके लोगों द्वारा मनाने के लिए नियत किया था। वाक्यांश "नियत समय" इब्रानी शब्द מוֹעֵד *(मो'एद)* से आता है, जो "नियत समय, स्थान, [या] सभा" को दर्शा सकता है।[5] इसका अनुवाद "पर्व" (KJV), "नियत पर्व" (RSV), "नियत पर्व" (NRSV), "नियत सत्र" (REB), और "पवित्र पर्व" (NJB) में किया गया है। जॉन ई. हार्टले ने कहा कि इस शब्द का अर्थ है "एक विशेष महत्व रखने वाला समय" और इसका उपयोग "मिलापवाले तम्बू" की अभिव्यक्ति में किया जाता है। उन्होंने टिप्पणी की और कहा कि "यहोवा का" का अर्थ या तो "याहवेह के लिए पर्व" (याहवेह ने जो कुछ भी किया है उसकी स्तुति करने के लिए पर्व) या "याहवेह के द्वारा निर्धारित किए गए पर्व" (याहवेह की आज्ञा के कारण मनाए जाने वाले पर्व) में से एक हो सकता है, और निष्कर्ष दिया कि "दोनों अर्थ ... इस वाक्यांश के द्वारा समझाए गए हैं।"[6]

इन "नियत समयों" ने परमेश्वर के लोगों के लिए **पवित्र सभाओं** के रूप में कार्य किया। अंग्रेजी शब्द "कोन्वोकेशन," जिसका उपयोग 23:2 में किया गया है और अध्याय के शेष भाग में दस बार और किया गया है (23:3, 4, 7, 8, 21, 24, 27, 35, 36, 37), वह क्रिया "कोन्वोक" से निकला है जिसका अर्थ है "एक सभा को एक साथ बुलाना" या "एकत्र होने के लिए प्रेरित करना" है। इसी कारण, एक "कोन्वोकेशन" "एकत्र होने के लिए बुलाए गए लोगों की एक सभा होती है।"[7] यहाँ पर दिए गए नियम उन अवसरों के विषय में है जिनमें इस्राएलियों को यहोवा की आराधना करने के लिए एक साथ सभा में एकत्र होने के लिए बुलाया गया था।

इस अध्याय में जिन सात "नियत समयों" पर चर्चा की गई है उनकी तीन विशिष्टताएँ थीं: (1) प्रत्येक में एक "पवित्र सभा" सम्मिलित थी - आराधना के लिए परमेश्वर के लोगों की एक साथ एकत्र सभा। (2) प्रत्येक में पवित्र स्थान में भेंट चढ़ाना आवश्यक था (23:8, 16-20, 25, 27, 36, 37)। (विभिन्न दिनों पर चढ़ाए जाने वाले बलिदानों की एक सूची के लिए देखें गिनती 28; 29.) आयत 37 कहती है, "ये यहोवा के नियत समय हैं जिन्हें तुम यहोवा को होमबलि चढ़ाने के लिए पवित्र सभाओं के रूप में घोषणा करना।" (3) प्रत्येक में कम से कम एक दिन विश्राम के लिए था जिसमें इस्राएली कोई काम नहीं कर सकते थे (23:3, 7, 8, 21, 25, 28, 30, 31, 32, 35, 36, 39)।

सब्त का दिन (23:3)

[3]"छ: दिन काम-काज किया जाए, पर सातवाँ दिन परमविश्राम का और पवित्र सभा का दिन है; उसमें किसी प्रकार का काम-काज न किया जाए; वह तुम्हारे सब घरों में यहोवा का विश्राम दिन ठहरे।"

"नियत समयों" की सूची इस्राएली जीवन के लिए सबसे मूल बात के साथ आरम्भ होती है: सब्त।

आयत 3. सब्त का दिन अन्य पवित्र समयों से पहले था क्योंकि यह परमेश्वर द्वारा अलग किया गया पहला विशेष दिन था, जो दस आज्ञाओं में चतुर्थ का विषय था (निर्गमन 20:8-11; व्यव. 5:12-15)। इस दिन से सम्बन्धित नियम बाद में अन्य नियत दिनों को मनाने में सम्मिलित किए गए थे।

नियम के पुनर्मूल्यांकन में, यहोवा ने पांच महत्वपूर्ण विवरणों पर ज़ोर दिया। (1) सब्त को **सातवें दिन** (शनिवार) मनाना था। (2) यह सम्पूर्ण **विश्राम का एक दिन था**, जब इस्राएलियों को **कोई काम नहीं करना** था। (3) सब्त **पवित्र सभा** के लिए एक अवसर बनने वाला था। स्पष्ट तौर पर, परमेश्वर के लोगों को उस दिन एकत्र होना था, सम्भवतः अध्ययन और आराधना के लिए।[8] (4) सब्त को **यहोवा** के लिए मनाया जाना था या उसे समर्पित करना था। (5) इसे **तुम्हारे सभी घरों** में मनाना; प्रत्येक इस्राएली परिवार को अपने घर पर सब्त का पालन करने के लिए कर्मठ बनना था।

क्योंकि मसीही लोग मूसा की व्यवस्था के अधीन नहीं जीते इसी कारण उनके लिए सब्त की आज्ञा का पालन करना आवश्यक नहीं है। बल्कि हमें सप्ताह के पहले दिन आराधना करनी है (प्रेरितों 20:7; 1 कुरि. 16:2), मसीह के पुनरुत्थान का दिन (मत्ती 28:1; मरकुस 16:2)। यह "प्रभु का दिन" है (प्रका. 1:10)।

फसह और अखमीरी रोटी का पर्व (23:4-8)

[4]"फ़िर यहोवा के पर्व जिनमें से एक एक के ठहराये हुए समय में तुम्हें पवित्र सभा करने के लिये प्रचार करना होगा वे ये हैं। [5]पहले महीने के चौदहवें दिन को गोधूलि के समय यहोवा का फसह हुआ करे। [6]और उसी महीने के पंद्रहवें दिन को यहोवा के लिये अख़मीरी रोटी का पर्व हुआ करे; उसमें तुम सात दिन तक अख़मीरी रोटी खाया करना। [7]उनमें से पहले दिन तुम्हारी पवित्र सभा हो; और उस दिन परिश्रम का कोई काम न करना। [8]पर सातों दिन तुम यहोवा को हव्य चढ़ाया करना; और सातवें दिन पवित्र सभा हो; उस दिन परिश्रम का कोई काम न करना।"

निस्संदेह, सब्त का दिन विश्राम का एक साप्ताहिक दिन था। सब्त का पालन करने के उनके कर्तव्य के विषय में अपने लोगों को स्मरण करवाने के बाद, यहोवा ने अपना ध्यान व्यवस्था के बड़े विषय की ओर किया: वे वार्षिक पर्व जो इस्राएल के द्वारा मनाए जाते थे।

आयत 4. यहोवा ने फ़िर अपनी मंशा व्यक्त की: अपने लोगों के सामने **पवित्र सभाओं** की घोषणा करना जिनका **उन्हें प्रचार** करना था और पालन करना था। शब्द "प्रचार" का उपयोग यह संकेत कर सकता है कि इस अध्याय के शब्दों की मंशा चाहे पूरे देश की थी, फ़िर भी इनमें याजकों के लिए विशेष संदेश थे। वे ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने नियत समयों के आने पर इनका "प्रचार," या घोषणा की।

यह आयत 23:2 में पाए गए प्रारंभिक खंड को दोहराती है, जिसमें यह सुझाव दिया गया है कि 23:3 में सब्त के विषय में आज्ञा संदर्भ में चर्चा के बाकी अवसरों के समानांतर होने के बजाए परमेश्वर के नियमों का एक प्रस्ताव था। "यहोवा के नियत समय" 23:2 के बाद कि बजाए, वास्तव में इस आयत के बाद आरम्भ होते हैं।

आयत 5. अध्याय में चर्चा किए गए वार्षिक पर्वों में सबसे पहला **फसह** है। इसे वर्ष के **पहले महीने के चौदहवें दिन में गोधूलि**[9] के समय मनाना था। इब्रानी कैलेंडर का पहला महिना निसान/अबीब (निर्गमन 23:15), हमारे मार्च/अप्रैल के समान था।[10]

फसह का पर्व मिस्र से इस्राएलियों के छुटकारे का एक स्मारक था। जब परमेश्वर ने दसवीं और अन्तिम विपत्ति - पहिलौठों की मृत्यु - के साथ मिस्रियों को मारा-वह उन इस्राएली घरों के "पास से गुज़र गया" जिन्होंने अपने द्वारों पर मेमने के लहू को छिड़का था। आयत 5 केवल यह कहती है कि उन्हें पर्व मनाना था; फसह को किस प्रकार मनाना था इसकी जानकारी यह अन्य अनुच्छेदों पर छोड़ देती है, विशेषतः उस समय दिए गए निर्देश जब यहोवा ने इस्राएल के पहिलौठों को छोड़ दिया था (निर्गमन 12; 13)। उस समय पर, परमेश्वर ने संकेत किया कि इस अवसर को स्मरण रखने के लिए परमेश्वर के लोगों को फसह का पर्व मनाना था। इस्राएल ने, वास्तव में इस पर्व को मनाना जारी रखा, जैसा कि मत्ती 26 में प्रमाणित है।[11]

आयतें 6-8. यहोवा ने इसके आगे **अखमीरी रोटी के पर्व** के विषय में निर्देश दिए, जो फसह के बाद आरम्भ होता था (**पहले महीने के पन्द्रहवें दिन**) और **सात दिन** (महीने की इक्कीस तारीख तक) **तक चलता था।** यहाँ पर दिए गए नियमों ने यह स्पष्ट किया कि (1) पर्व के सातों दिनों तक इस्राएलियों को **अखमीरी रोटी खानी थी**; (2) सात दिनों के **पहले दिन, और सातवें दिन**, लोगों को कोई भी **परिश्रम का काम** करने के लिए मना किया गया था; (3) उन्हीं दो दिनों में, **एक पवित्र सभा** या मण्डली होनी थी; और (4) सातों दिनों में से प्रत्येक दिन इस्राएलियों को **यहोवा के लिए होमबलि** चढ़ानी थी - एक ऐसा बलिदान जिसे वेदी पर जलाया जाएगा।[12]

यह बात रोचक है कि इस्राएलियों को अखमीरी रोटी के पर्व (23:7, 8) के दौरान "कोई भी परिश्रम का काम" नहीं करना था। सब्त के सम्बन्ध में आज्ञा ये थी कि इस्राएलियों को "*कोई* भी काम नहीं करना था" (23:3)। इसी के समान ही प्रायश्चित के दिन में लोगों को "*कोई* भी काम नहीं करने" (23:28), और "*एकदम* काम न करने" के लिए कहा गया था (23:31), और सब्त को "पूर्ण विश्राम" के दिन

रूप में मनाने के लिए कहा गया था (23:32)। इसके विपरीत, अन्य पर्वों में विश्राम करने से सम्बन्धित आज्ञा दी गई थी कि इस्राएलियों को "*कोई* परिश्रम का कार्य" नहीं करना था; यह फसह के पर्व और अखमीरी रोटी के पर्व (23:7, 8), कटनी के पर्व (23:21), नव वर्ष के पर्व (23:25), और झोपड़ियों के पर्व (23:35, 36) के विषय में सत्य है।[13] (बल दिया गया है।)

स्पष्ट है, यहोवा कोई "काम" न करने और "परिश्रम का कोई काम" न करने के बीच एक अन्तर कर रहा था। साप्ताहिक सब्त और प्रायश्चित के वार्षिक दिन पर, इस्राएली कोई काम नहीं कर सकते थे, यहाँ तक कि जलावन के लिए लकड़ियाँ एकत्र करने जैसा कोई सांसारिक काम भी नहीं (गिनती 15:32-36)। अन्य विशेष दिनों पर, सम्भवतः कोई व्यक्ति घर के काम कर सकता था परन्तु वह अपना नियमित काम नहीं कर सकता था या अपने खेत के आसपास कोई भारी काम भी नहीं कर सकता था।

अखमीरी रोटी के पर्व को इसका नाम इस तथ्य से मिला था कि इस्राएल ने इतनी शीघ्रता में मिस्र को छोड़ा था कि उनके पास रोटी को फूलने देने का समय नहीं था; इसी कारण उन्होंने अपने साथ वह रोटी ली जो अखमीरी थी (निर्गमन 12:34)। फसह के समान ही, यह इस्राएल के मिस्र से छुटकारे का स्मारक है। यह छुटकारा अनुग्रह का कार्य था जिसने सदैव इस बात को परिभाषित किया कि परमेश्वर के लोग कौन थे। फसह और अखमीरी रोटी के पर्व के बीच स्पष्ट निकट सम्बन्ध का परिणाम यह हुआ कि कभी-कभी इन दोनों पर्वों को एक समझा जाता है।

अखमीरी रोटी का पर्व उन तीन पर्वों में से एक था जिनमें सभी इस्राएली पुरुषों को यहोवा के लिए "एक पर्व को मनाना" था और "यहोवा परमेश्वर के सम्मुख उपस्थित होना था" (निर्गमन 23:14-17)। अन्य दो पर्व थे "कटनी का पर्व" (सप्ताहों का पर्व या पेन्तिकुस्त) और "वर्ष के अन्त में एकत्र होने का पर्व" (झोपड़ियों का पर्व)। कनान में उनके बसने के बाद प्रत्येक वर्ष इन तीन अवसरों पर, सभी इस्राएली पुरुषों को केन्द्रीय पवित्र स्थान में यहोवा की आराधना करने के लिए तीर्थयात्रा करनी पड़ती थी। इसी कारण के लिए, पर्वों को कई बार टिप्पणीकारों के द्वारा "तीर्थयात्री पर्व" भी कहा जाता है।

पहली उपज की भेंट (23:9-14)

9फ़िर यहोवा ने मूसा से कहा, 10"इस्राएलियों से कह कि जब तुम उस देश में प्रवेश करो जिसे यहोवा तुम्हें देता है और उसमें के खेत काटो, तब अपने अपने पके खेत की पहली उपज का पूला याजक के पास ले आया करना; 11और वह उस पूले को यहोवा के सामने हिलाए, कि वह तुम्हारे निमित्त ग्रहण किया जाए; वह उसे विश्रामदिन के दूसरे दिन हिलाए। 12और जिस दिन तुम पूला हिलवाओ उसी दिन एक वर्ष का निर्दोष भेड़ का बच्चा यहोवा के लिये होमबलि चढ़ाना। 13और उसके साथ का अन्नबलि एपा के दो दसवें अंश तेल से सने हुए मैदे का हो, वह सुखदायक

सुगन्ध के लिये यहोवा का हव्य हो; और उसके साथ का अर्घ हीन भर की चौथाई दाखमधु हो। 14और जब तक तुम इस चढ़ावे को अपने परमेश्वर के पास न ले जाओ, उस दिन तक नये खेत में से न तो रोटी खाना और न भूना हुआ अन्न और न हरी बालें; यह तुम्हारी पीढ़ी पीढ़ी में तुम्हारे सारे घरानों में सदा की विधि ठहरे।"

यहोवा ने यहाँ पर इस्राएल को "पहली उपज" की भेंट के सम्बन्ध में निर्देश दिए। ये निर्देश किसी अन्य पर्व की बात नहीं करते हैं, बल्कि उन दोनों पर्वों से सम्बन्धित जानकारी की बात करते हैं जिनकी चर्चा अभी की गई थी, और इसके साथ ही एक पर्व का वर्णन 23:15 में भी है। क्रिस्टोफ़र जे. एच. राइट ने संदर्भ इस चर्चा को दिया:

> इस्राएली (सौर) कैलेंडर का पहला महीना मध्य मार्च से लेकर मध्य अप्रैल तक था। यह शीतकाल के समय वर्षा के मौसम के अन्त में आता था और इसका मेल फसल के मौसम के आरम्भ के साथ होता था, जो जौ के साथ आरम्भ होता था, सबसे पहले काटी जाने वाली फसल थी। पहली उपज की भेंट [23:9-14] इस प्रकार फसह और अखमीरी रोटी से जुड़ी हुई थी और यह एक अलग पर्व नहीं था, जैसा कि NIV के अनुच्छेद और उपशीर्षक भ्रामक रूप से सुझाव देते हैं।[14]

इस बात का निर्णायक साक्ष्य कि 23:9-14 में एक अलग पर्व का उल्लेख नहीं किया गया है यह है कि अनुच्छेद इस अवसर के बारे में लोगों की एक मण्डली से जुड़ी एक "पवित्र सभा" के विषय में बात नहीं करता है; न ही लोगों को विश्राम करने की आवश्यकता थी। ये "नियत समयों" की तीन विशेषताओं में से दो थे जिनका समस्त इस्राएल को पालन करना था।

आयतें 9, 10. पहली उपज की भेंट विषय में यहोवा के निर्देश इस बात को स्पष्ट करने के साथ आरम्भ होते हैं कि यह नियम केवल इस्राएलियों के **उस देश में** प्रवेश करने बाद प्रभाव में आता जो परमेश्वर **उन्हें देने पर था**। यह योग्यता उचित थी: उन्होंने जंगल में, कोई फसल नहीं उगाई और इसलिए उनके पास देने के लिए कोई "पहली उपज" नहीं थी। इसने अनुच्छेद में एक आशावादी, आशापूर्ण टिपण्णी भी जोड़ दी: वह समय आने पर था जब इस्राएली उस देश में प्रवेश करेंगे जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने उनसे की थी और वहाँ पर सफलता पूर्वक फसल की कटनी करेंगे!

यहोवा ने पहली उपज की कटनी के सम्बन्ध में निर्देश दिए। इन निर्देशों से ऐसा लगता है कि प्रत्येक इस्राएली को सब्त से कुछ समय पहले याजक को पहली उपज एक **पूले** (शायद जौ) की भेंट चढ़ाने की आवश्यकता होती थी।[15]

आयतें 11-14. भेंट के प्रस्तुत करने से सम्बन्धित जानकारी को इन आयतों में दिया गया है।

सब्त के एक दिन बाद, याजक को पहली उपज के उस **पूले को हिलाना पड़ता था** जो आराधक के द्वारा लाया गया था। ऐसा करने के लिए, वह उसे उठाकर ऊपर की ओर पकड़ता और एक ऐसे गति के साथ संकेत करता था कि इसे **यहोवा को**

अर्पित किया जा रहा था। पूले का हिलाया जाना आवश्यक था ताकि आराधक जब मेमने को चढ़ाए तो **ग्रहण किया जाए** (23:11) जिसके विषय में आगे बात की गई है।

उसी दिन ("सब्त के बाद का दिन"), आराधक को **एक वर्ष का निर्दोष भेड़ का बच्चा यहोवा के लिये होमबलि चढ़ाना पड़ता था। और उसके साथ का अन्नबलि एपा[16] के दो दसवें अंश तेल से सने हुए मैदे का और उसके साथ का अर्घ हीन[17] भर की चौथाई दाखमधु होता था** (23:12, 13)।

जब तक आराधक ने अपनी **पहली उपज की भेंट** परमेश्वर को नहीं चढ़ाई होती थी, उसे कटनी के **अनाज** में से कुछ नहीं खाना था। परमेश्वर ने इस आज्ञा के द्वारा निष्कर्ष निकाला कि इस व्यवस्था का पालन उस समय के सब इस्राएलियों को करना था, चाहे वे जहाँ भी वे रहते थे (23:14)।

हालांकि 23:11 में किस "सब्त" की बात की गई है इसके प्रश्न के ऊपर विवाद है, ऐसा प्रतीत होता है कि फसह के बाद और अखमीरी रोटी के पर्व के बीच में आने वाले सब्त का उल्लेख किया गया है। "[उस] सब्त के बाद के" दिन, उपज को चढाना पड़ता था, और इसके बाद कटनी का पर्व मनाया जाता था।

कटनी का पर्व (23:15-22)

15"फ़िर उस विश्रामदिन के दूसरे दिन से, अर्थात् जिस दिन तुम हिलाई जानेवाली भेंट के पूले को लाओगे, उस दिन से पूरे सात विश्रामदिन गिन लेना; 16सातवें विश्रामदिन के दूसरे दिन तक पचास दिन गिनना, और पचासवें दिन यहोवा के लिये नया अन्नबलि चढ़ाना। 17तुम अपने घरों में से एपा के दो दसवें अंश मैदे की दो रोटियाँ हिलाने की भेंट के लिये ले आना; वे ख़मीर के साथ पकाई जाएँ, और यहोवा के लिये पहली उपज ठहरें। 18और उस रोटी के संग एक एक वर्ष के सात निर्दोष भेड़ के बच्चे, और एक बछड़ा, और दो मेढ़े चढ़ाना; वे अपने अपने साथ के अन्नबलि और अर्घ समेत यहोवा के लिये होमबलि के समान चढ़ाए जाएँ, अर्थात् वे यहोवा के लिये सुखदायक सुगन्ध देनेवाला हव्य ठहरें। 19फ़िर पापबलि के लिये एक बकरा, और मेलबलि के लिये एक एक वर्ष के दो भेड़ के बच्चे चढ़ाना। 20तब याजक उनको पहली उपज की रोटी समेत यहोवा के सामने हिलाने की भेंट के लिये हिलाए, और इन रोटियों के संग वे दो भेड़ के बच्चे भी हिलाए जाएँ; वे यहोवा के लिये पवित्र, और याजक का भाग ठहरें। 21और तुम उसी दिन यह प्रचार करना कि आज हमारी एक पवित्र सभा होगी; और परिश्रम का कोई काम न करना; यह तुम्हारे सारे घरानों में तुम्हारी पीढ़ी पीढ़ी में सदा की विधि ठहरे। 22जब तुम अपने देश में के खेत काटो, तब अपने खेत के कोनों को पूरी रीति से न काटना, और खेत में गिरी हुई बालों को न इकट्ठा करना; उसे दीनहीन और परदेशी के लिये छोड़ देना; मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूँ।"

फसह और अखमीरी रोटी के पर्व के विपरीत, इस पर्व को शब्द में कोई नाम

नहीं दिया गया। इसे "कटनी का पर्व" कहा जाता था (निर्गमन 34:22) क्योंकि यह फसह और अखमीरी रोटी के पर्व के साथ सप्ताह के बाद आता था। इसे जौ की कटनी के अन्त में (व्यव. 16:9) और गेंहू की फसल की कटनी के आरम्भ (निर्गमन 34:22)। बाद के समय में, "पेन्तिकुस्त" के नाम से जाना गया (यूनानी शब्द के अर्थ से "पचास" या "पचासवां") क्योंकि यह फसह और अखमीरी रोटी के पर्व के पचास दिन बाद आता था।[18] यद्यपि लैव्यव्यवस्था सम्बन्ध के विषय में नहीं बताती, इस पर्व को "बाद में सीनै पर्वत पर तोरह दी जाने के साथ जोड़ दिया गया,"[19] जो पहले फसह के पचास दिन बाद घटित हुआ होगा।

आयतें 15-17. यहोवा ने इस पर्व के सम्बन्ध में अपने निर्देश यह स्पष्ट करते हुए देना आरम्भ किया कि इसे किस दिन मनाया जाना था: फसह/ अखमीरी रोटी के बाद **सात पूर्ण सब्तों के बाद** - उस **सब्त** के आरम्भ होने के पचासवें दिन।

23:11, 15 में वर्णित सब्त एक विचारयोग्य चर्चा का विषय रहा है। जैसा कि पहले सुझाव दिया गया था, सबसे उचित व्याख्या यह प्रतीत होता है कि वह सब्त जिससे सात सप्ताह की गणना की जाएगी वह अखमीरी रोटी के पर्व[20] के दौरान का सब्त था, हालांकि अन्य संभावनाओं के लिए तर्क हैं।[21] इस प्रश्न का कोई भी सही उत्तर क्यों न हो, यह शब्द के मूल अर्थ या किसी भी सैद्धांतिक मामले को प्रभावित नहीं करता।[22]

पर्व को पहले **यहोवा के समक्ष नई उपज की भेंट, जिसमें** दो रोटियां थीं चढ़ाया जाता था। **इन्हें एपा के दो दसवें भाग जितने मैदा से, खमीर सहित बनाया जाना था।** रोटियों को याजक के पास लाया जाता**,** जो उन्हें परमेश्वर के लिए **हिलाने की भेंट के रूप में** चढ़ाता था।[23] केवल यही ऐसा अवसर है जब यहोवा ने कहा कि उसके लिए भेंट स्वरूप खमीरी रोटी (अखमीरी रोटी के बजाए) उपयोग की जाए। सात सप्ताह पहले चढ़ाई गई भेंटों के समान, इस अन्न बलि को भी **यहोवा के लिए पहली उपज की भेंट** कहा गया है। स्पष्ट है, सात सप्ताह पहले चढ़ाई गई भेंट में जौ की फसल में मिलाकर बनी "पहली उपज" थी; ये "पहली उपज" सम्भवतः गेंहू की फसल से ली गई थी।

आयतें 18, 19. दो **रोटियों** की भेंट के अलावा, विभिन्न प्रकार के बलिदान चढ़ाने पड़ते थे। **सात ... नर मेमने**, एक **बैल**, और **दो मेढ़े**, **अन्न और द्रव बलि** के सहित, **होमबलि** के रूप में प्रस्तुत किए जाने थे। इसके अलावा, एक **बकरे** को **पापबलि** के रूप में बलि चढ़ाया जाता था, साथ ही साथ **मेल बलियों** के लिए दो **नर मेमने** भी बलि चढ़ाए जाते थे।

ये बलिदान 23:9-14 की पहली उपज की भेंट से भिन्न थे। उस अनुच्छेद में, प्रत्येक इस्राएली ने परमेश्वर के लिए भेंट के रूप में एक मेमना चढ़ाया; इस अनुच्छेद में, 23:17-19 में सूचीबद्ध किए गए सभी बलिदानों को चढ़ाने की बजाए, ये बलिदान भेंटों के एक एकल समूह से मिलकर बने थे और इन्हें सभी लोगों की खातिर चढ़ाया जाता था। इस दृष्टिकोण के लिए दो विचार तर्क देते हैं: (1) यदि असम्भव न हो, तो भी इस विधि के लिए आवश्यक सभी पशुओं को देना प्रत्येक इस्राएली परिवार के लिए कठिन रहा होगा। (2) गिनती 28:27-31 में,

भेंटों को कटनी के पर्व के चढ़ाने के लिए कहा गया है, और जो सूची वहाँ दी गई है वह यहाँ पर आवश्यक पशुओं की सूची से मेल खाती है।

आयतें 20, 21. याजक को इन बलियों को **पहली उपज की रोटियों** और **दो मेमनों** सहित **हिलाना** पड़ता था, इस प्रकार से, उस दिन के बलिदान **यहोवा के लिए पवित्र हो गए।** बलिदानों के चढ़ाने के अलावा, कटनी का पर्व **पवित्र सभा के** प्रचार के लिए भी मनाया जाना था। लोगों को एक साथ मिलकर यहोवा की आराधना करने के लिए बुलाया जाता था। इसके साथ, लोगों को उस दिन कोई भी **परिश्रम का काम** करने से मना किया गया था। इस दिन के सम्बन्ध में नियम यह घोषणा करते हुए समाप्त होते हैं कि कटनी का पर्व एक **अनन्त विधि** बनने वाला था, जो सभी इस्राएलियों और आने वाली **सभी पीढ़ियों** पर लागू होता था।

आयत 22. यह आयत गलत जगह पर प्रतीत होती है। परमेश्वर की आराधना उसके नियत समयों" पर करने से सम्बन्धित - उन वार्षिक पर्वों पर जो उसने अपने लोगों के लिए अलग किए थे - किसानों को बताया गया था कि उन्हें बिना चेतावनी के अपने खेतों को इस प्रकार से काटना था कि उनसे कंगालों को लाभ पहुंचे। विशेष तौर पर एक इस्राएली को अपने खेत के कोनों में कटाई करने से मना किया गया था और गिरी हुई फसल को एकत्र करने से मना किया गया था, बल्कि फसल के बचे हुए भाग को "ज़रूरतमंद" और "परदेशी" के लिए छोड़ने को कहा गया था।

हालांकि यह 19:9, 10 में दिए गए नियम का संक्षिप्त रूप है, यह देखना कठिन है कि यह सन्दर्भ में किस प्रकार सटीक बैठता है। सम्भवतः इस तथ्य इन नियमों में कटनी की पहली उपज पर बल दिया गया है "फसल की कटनी" के विषय पर प्रकाश डालते हैं और यहोवा अपने लोगों से यह नहीं चाहता था कि वे अपनी फसलों की कटाई यह स्मरण किए बिना करें कि उनका कर्तव्य "ज़रूरतमंद" और "परदेशी" की सहायता करना है।

आयत 22 का सम्मिलित किया जाना इस्राएलियों के लिए इस बात का स्मारक था कि बलिदानों को चढ़ाना उन्हें कंगालों की सहायता करने उनकी ज़िम्मेदारी से दूर नहीं करता। यद्यपि परमेश्वर ने आराधना के लिए "नियत समय" स्थापित किए, फ़िर भी वह यह भी चाहता था कि वे किसी कम भाग्यशाली की देखभाल करें। परमेश्वर ने धर्म के अभ्यास को आराधना या लोगों की भलाई करने के रूप में नहीं देखा। बल्कि उसने धर्म को दोनों कार्य करने के समान परिभाषित किया: उसे प्रसन्न करने के लिए एक व्यक्ति नियमित तौर पर उसकी आराधना करनी चाहिए और भले कामों के द्वारा दुसरे लोगों की सेवा करनी चाहिए।

नव-वर्ष का पर्व (23:23-25)

23"फ़िर यहोवा ने मूसा से कहा, 24इस्राएलियों से कह कि सातवें महीने के पहले दिन को तुम्हारे लिये परमविश्राम हो; उसमें स्मरण दिलाने के लिये नरसिंगे फूँके जाएँ, और एक पवित्र सभा इकट्ठी हो। 25उस दिन तुम परिश्रम का कोई काम न करना, और यहोवा के लिये एक हव्य चढ़ाना।"

इस्राएल के "नियत समयों" से जिस अगले पर्व पर चर्चा की गई है वह नव-वर्ष का पर्व है।

आयतें 23-25. इस्राएल के धार्मिक वर्ष की दूसरी छमाही **सातवें महीने**, तिशरी, के साथ आरम्भ हुई, एक ऐसा समय जो हमारे सितम्बर/अक्तूबर से मेल खाता है। यह एक ऐसा समय था जिसमें इस्राएल के वार्षिक "नियत समयों" में से तीन पड़ते थे: नव-वर्ष का पर्व, प्रायश्चित का दिन, और झोपड़ियों का पर्व - तीन पतझड़ के पर्व।

"सातवें महीने" का महत्व इस्राएल के धार्मिक कैलेंडर में अंक "सात" के महत्व का उदाहरण देता है। (1) प्रत्येक सप्ताह के सातवें दिन को पवित्र सब्त के रूप में मानना था। (2) फसह को पहले महीने के चौदहवें दिन, या सात दिनों की दूसरी अवधि की समाप्ति पर मनाया जाता था। (3) नव-वर्ष का पर्व फसह के साथ सप्ताह बाद आता था, जिसमें से प्रत्येक में साथ दिन होते थे। (4) सातवें महीने में तीन महत्वपूर्ण पर्व आते थे। (5) अति महत्वपूर्ण पर्वों में से दो - अखमीरी रोटी का पर्व और झोपड़ियों का पर्व - सात दिनों तक मनाए जाते थे। (6) सातवाँ वर्ष एक विशेष वर्ष होता था, एक सब्त का वर्ष होता था। (7) सातवें वर्ष के सात गुना वर्ष पचासवें वर्ष, जुबली के वर्ष को लेकर आते थे। इन सभी "सातों" के विषय में ग्लीसन एल. आर्चर., जूनियर, ने कहा, कि ये सभी "पवित्र अंक सात" के महत्व का संकेत देते हैं, जो "परमेश्वर के सिद्ध कार्य" का चिन्ह है।[24]

नव-वर्ष का पर्व सातवें महीने के **पहले दिन** होता था।[25] लोगों को **नरसिंगे** बजाने के द्वारा एक साथ बुलाया जाता था (देखें गिनती 10:10)।[26] इस दिन को **विश्राम**[27] के रूप में मनाना था (लोगों को **परिश्रम का कोई भी काम** नहीं करना था)। यह एक **पवित्र सभा** के आयोजन और **यहोवा के लिए होम बलि** चढ़ाने का विशेष दिन भी था।[28]

बाद के वर्षों में, इस्राएल का सातवाँ महिना इसके नागरिक कैलेंडर का पहला महीना भी बन गया, और नव-वर्ष का पर्व इसका नव वर्ष का दिन बन गया। यहूदी आज भी इस पर्व को मनाते हैं और इस दिन को "रोष हशानाह" ("वर्ष का प्रधान [या 'पहला'] दिन") के नाम से मनाते हैं।

प्रायश्चित का दिन (23:26-32)

[26]"फ़िर यहोवा ने मूसा से कहा, [27]उसी सातवें महीने का दसवाँ दिन प्रायश्चित्त का दिन माना जाए; वह तुम्हारी पवित्र सभा का दिन होगा, और उसमें तुम अपने अपने जीव को दु:ख देना और यहोवा के लिये हव्य चढ़ाना। [28]उस दिन तुम किसी प्रकार का काम-काज न करना; क्योंकि वह प्रायश्चित्त का दिन नियत किया गया है जिसमें तुम्हारे परमेश्वर यहोवा के सामने तुम्हारे लिये प्रायश्चित्त किया जाएगा। [29]इसलिये जो प्राणी उस दिन दु:ख न सहे वह अपने लोगों में से नष्ट किया जाएगा। [30]और जो प्राणी उस दिन किसी प्रकार का काम-काज करे उस प्राणी को मैं उसके लोगों के बीच में से नष्ट कर डालूँगा। [31]तुम किसी प्रकार का

काम-काज न करना; यह तुम्हारी पीढ़ी पीढ़ी में तुम्हारे घरानों में सदा की विधि ठहरे। 32वह दिन तुम्हारे लिये परमविश्राम का हो, उसमें तुम अपने अपने जीव को दुःख देना; और उस महीने के नवें दिन की साँझ से लेकर दूसरी साँझ तक अपना विश्रामदिन माना करना।"

सूचीबद्ध अगला विशेष दिन प्रायश्चित का दिन है, सम्भवतः यहोवा के "नियत समयों" में अति महत्वपूर्ण दिन इस दिन के लिए निर्देश पहले लैव्यव्यवस्था 16 में दिए गए थे। वहाँ पर इस बात पर बल दिया गया था कि महायाजक को लोगों के लिए प्रायश्चित करने के लिए क्या करना था। 23:26-32 में यहोवा ने इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक इस्राएली को इस महत्वपूर्ण दिन पर किन बातों का पालन करना था।

आयतें 26-28. यहोवा ने **प्रायश्चित के दिन का नाम देने और इसका वर्णन करने के द्वारा अपने निर्देश दिए।**[29] इस **सातवें महीने के दसवें दिन** में इस दिन एक **पवित्र सभा** की जानी थी। उस दिन लोगों को **अपने जीव को दुःख** देना था और **यहोवा के लिए होमबलि चढ़ानी** थीं (देखें 16:29-31)। अपने आप को "दुःख" देने को आमतौर पर उपवास से जोड़ा जाता है सम्भवतः इसमें पश्चाताप दिखाने के अन्य तरीके भी सम्मिलित रहे होंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि महायाजक द्वारा किए जाने वाले प्रायश्चित्त बलिदान के प्रभावी होने के लिए, लोगों को यह दिखाना पड़ता था कि वे उनके पापों के लिए खेदित थे। इसके अलावा, विश्राम के महत्व पर ज़ोर दिया गया है। काम नहीं करने का एक कारण दिया गया है: यह वह दिन था जब देश की तरफ़ से याजक द्वारा प्रायश्चित किया जाना था।

आयतें 29, 30. इन दो आयतों में, यहोवा ने प्रायश्चित के दिन से सम्बन्धित आज्ञाओं का पालन करने के लिए प्रेरणा प्रदान की। यदि **किसी व्यक्ति** (शाब्दिक रूप से, "आत्मा") ने **स्वयं को विनम्र** करने से इंकार किया, तो उसे **नाश किया जाएगा**; और जिसने भी कोई काम किया था वह नष्ट हो जाएगा।

आयतें 31, 32. प्रायश्चित के दिन पर अनुच्छेद जिस प्रकार आरम्भ हुआ था उसी प्रकार समाप्त होता है, इस दिन फ़िर से विश्राम करने के महत्व (इन आयतों में दो बार दोहराई गयी एक आज्ञा) और स्वयं को नम्र करने का महत्व पर बल देता है। यह इन में ये जानकारी भी जोड़ता है कि इन नियमों का नित्य पालन किया जाना था।

यह दिन अन्य "नियत समयों" से अलग था। सबसे स्पष्ट अन्तर यह है कि प्रायश्चित के दिन के नियमों के लिए लोगों को स्वयं को **विनम्र** करने की आवश्यकता थी। यह आवश्यकता आमतौर पर उपवास की आज्ञा के समान थी। यद्यपि अन्य विशेष अवसर उत्सव मनाने के समय थे, इस दिन को उपवास का समय होना था। यह दिन आनन्द मनाने की बजाए चिंतन और प्रायश्चित का दिन था। **महीने के नवें दिन सध्यां के समय से आरम्भ होकर, संध्या से लेकर संध्या तक,** उन्हें **सब्त का पालन करना था।**[30] चूंकि इस्राएली अपने दिनों को गोधूलि से लेकर गोधूलि तक गिनते थे, "दसवां दिन" (23:27) "संध्या" के समय आरम्भ हुआ और अगली

"संध्या" तक चला। इसके अलावा, प्रायश्चित के दिन के लिए किसी भी "परिश्रम के काम" से बचने के बजाए काम से **सम्पूर्ण** विराम आवश्यक था।

झोपड़ियों का पर्व (23:33-44)

33"फ़िर यहोवा ने मूसा से कहा, 34इस्राएलियों से कह कि उसी सातवें महीने के पंद्रहवें दिन से सात दिन तक यहोवा के लिये झोपड़ियों का पर्व रहा करे। 35पहले दिन पवित्र सभा हो; उसमें परिश्रम का कोई काम न करना। 36सातों दिन यहोवा के लिये हव्य चढ़ाया करना, फ़िर आठवें दिन तुम्हारी पवित्र सभा हो, और यहोवा के लिये हव्य चढ़ाना; वह महासभा का दिन है, और उसमें परिश्रम का कोई काम न करना। 37यहोवा के नियत पर्व ये ही हैं, इनमें तुम यहोवा को हव्य चढ़ाना, अर्थात् होमबलि, अन्नबलि, मेलबलि और अर्घ, प्रत्येक अपने अपने नियत समय पर चढ़ाया जाए और पवित्र सभा का प्रचार करना। 38इन सभों से अधिक यहोवा के विश्रामदिनों को मानना, और अपनी भेंटों, और सब मन्नतों, और स्वेच्छाबलियों को जो यहोवा को अर्पण करोगे चढ़ाया करना। 39फ़िर सातवें महीने के पंद्रहवें दिन को, जब तुम देश की उपज को इकट्ठा कर चुको, तब सात दिन तक यहोवा का पर्व मानना; पहले दिन परमविश्राम हो, और आठवें दिन परमविश्राम हो। 40और पहले दिन तुम अच्छे अच्छे वृक्षों की उपज, और खजूर के पत्ते, और घने वृक्षों की डालियाँ, और नालों में के मजनू लेकर अपने परमेश्वर यहोवा के सामने सात दिन तक आनन्द करना। 41प्रतिवर्ष सात दिन तक यहोवा के लिये यह पर्व माना करना; यह तुम्हारी पीढ़ी पीढ़ी में सदा की विधि ठहरे कि सातवें महीने में यह पर्व माना जाए। 42सात दिन तक तुम झोपड़ियों में रहा करना, अर्थात् जितने जन्म के इस्राएली हैं वे सब के सब झोपड़ियों में रहें, 43इसलिये कि तुम्हारी पीढ़ी पीढ़ी के लोग जान रखें, कि जब यहोवा हम इस्राएलियों को मिस्र देश से निकाल कर ला रहा था तब उसने उनको झोपड़ियों में टिकाया था; मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूँ।" 44और मूसा ने इस्राएलियों को यहोवा के पर्व के नियत समय कह सुनाए।

वर्ष के विशेष दिनों का समापन झोंपड़ियों के पर्व के साथ होता था, जो कि जैतून और दाख की फसल, तथा कृषि वर्ष के अन्त के साथ होता था। यह पर्व आठ दिन तक चलता था, तथा बड़े आनन्द का समय होता था। लोग परमेश्वर का धन्यवाद करते, अपनी फसल और अपने अस्तित्व, दोनों ही के लिए, यह स्मरण करके कि कैसे उसने निर्जन प्रदेश में उनकी देखभाल की थी।

आयतें 33, 34. अन्य पर्वों के नियमों के अनुरूप, इस खण्ड का आरंभ भी पर्व के नाम के साथ होता है - **झोपड़ियों का पर्व** - और यह भी निर्धारित करने के साथ कि उसे कब मनाया जाना है: **सातवें महीने** के **पंद्रहवें दिन से सात दिन तक**।

आयतें 35, 36. यहोवा ने फ़िर पर्व मनाने की विधि का विवरण दिया। **पहले दिन** को, **पवित्र सभा** होनी थी। **सातों दिन**, प्रतिदिन हव्य चढ़ाए जाने थे। एक अन्य **सभा आठवें दिन** होनी थी। दोनों, सातवाँ दिन और आठवाँ दिन, विश्राम के

लिए पृथक किए गए थे; लोगों को उन में **परिश्रम का कोई काम नहीं करना** था।

आयतें 37, 38. यहोवा ने थोड़ा थम कर अपने श्रोताओं को अपने सन्देश का विषय स्मरण करवाया: वह उन्हें उन **नियत पर्वों**, और **पवित्र सभाओं** के विषय निर्देश दे रहा था जो उसके आदर के लिए मनाए जाने थे। फ़िर उसने उन चढ़ावों का वर्णन किया जो इन पर्वों में उसे चढ़ाए जाने थे: **होमबलि, अन्नबलि, मेलबलि और अर्घ**। गिनती 29:12-38 में, यहोवा ने झोंपड़ियों के पर्व के सातों दिनों में चढ़ाए जाने वाले बलिदानों का विस्तृत वर्णन दिया। वाक्याँश **प्रत्येक अपने अपने नियत समय पर चढ़ाया जाए** इस बात के लिए है पर्व के भिन्न दिनों में उस दिन के विशिष्ट हव्य चढ़ाए जाने थे। उदाहरण के लिए जो चढ़ावा तीसरे दिन के लिए था वह दूसरे या पांचवें दिन को नहीं चढ़ाया जाना था।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस्राएली बात को समझ गए हैं, परमेश्वर ने यह भी जोड़ दिया कि ये आवश्यकताएँ उन अन्य चढ़ावों *के अतिरिक्त* हैं जो उन्हें उसे अर्पित करनी थीं, चाहे मण्डली के रूप में अथवा व्यक्तिगत रूप से। इन अतिरिक्त चढ़ावों में **सबत के दिन** के चढ़ावे तथा विभिन्न **भेंटें, मन्नतें, और स्वेच्छाबलियां** सम्मिलित थीं जो लोग परमेश्वर के सम्मुख ले कर आते थे।

आयतें 39-43. झोंपड़ियों के पर्व का अंतिम परिच्छेद उस अवसर के अनुपम पहलुओं का वर्णन है। उसे जैतून और दाख की फसल के बाद मनाया जाना था, जब इस्राएली **देश की उपज को इकट्ठा कर चुकें**। लोगों को **पहले** और **आठवें दिन विश्राम मनाना** था (23:39)।[31] साथ ही, उन्हें **घने वृक्षों की डालियाँ** भी एकत्रित करनी थीं (23:40)। निहित है कि अपने लिए अस्थायी स्थान, झोंपड़ियों को बनाने के लिए उन्हें उन डालियों को प्रयोग करना था। उन्हें **सात दिन तक तुम झोपड़ियों में रहना**[32] था (23:42) उस समय के स्मरण के लिए जब इस्राएली ऐसी ही झोंपड़ियों में रहते थे (जैसे कि वे यह नियम दिए जाने के समय रह रहे थे)। उस समय को स्मरण करने से, फ़िर वे (और सभी पीढ़ियां) उसे भी स्मरण करेंगी कि परमेश्वर ने अनुग्रह में होकर **इस्राएल कम्पनी ... मिस्र के देश में से** निकाला था (23:43)। यह तथ्य कि परमेश्वर ने अपने लोगों को मिस्री दासत्व से छुड़ाया था, और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के द्वारा उन्हें निर्जन प्रदेश में भी बचाता आ रहा था, इस पर्व को बड़े आनन्द का समय बना देता था (23:40)।

पर्व के महत्व पर बल दिया गया, पहले इस बात द्वारा कि यह नियम **सदा की विधि ठहरे** (23:41)। दूसरे, **परमेश्वर** द्वारा इसका ज़ोरदार रीति से अनुमोदन किया गया, और उसने व्यवस्था की घोषणा का अन्त **"मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूँ"** (23:43) कह कर किया।

आयत 44. अध्याय - तथा पर्वों की चर्चा - का अन्त पाठकों को यह बताने के साथ होता है कि **मूसा** ने वही किया जो परमेश्वर ने उससे 23:1, 2 में करने को कहा था: उसने **इस्राएलियों को यहोवा के पर्व के नियत समय कह सुनाए**। इसलिए परमेश्वर के लोगों के पास यहोवा को समर्पित किए गए इन विशेष दिनों को न मनाने का कोई बहाना शेष नहीं था।

अध्याय 23 के पर्वों के आरंभ का आधार: कृषि अथवा ऐतिहासिक?

कुछ ने प्रश्न किया है कि इस अध्याय के पर्वों का आरंभ कैसे हुआ होगा। एक मत यह है कि वे कृषि संबंधी पर्व के रूप में आरंभ हुए, और बाद में ही उन्हें उन ऐतिहासिक अवसरों के साथ जोड़ा गया जिनके साथ वे पाए जाते हैं। यह तो संभव है कि इस्राएली मिस्र से छुड़ाए जाने से पहले कुछ विशेष दिन मनाते थे (जैसे कि फसल का उत्सव मनाना), वह जो बाइबल पर विश्वास करता है उसे यह दृष्टिकोण भी स्वीकार करना चाहिए कि इन विशेष समयों का आरंभ सीनै पर्वत पर परमेश्वर द्वारा दी गई आज्ञाओं के द्वारा हुए और इनमें से बहुतेरे आरंभ से ही ऐतिहासिक घटनाओं के साथ सम्बन्धित थे। इसके साथ ही, यह प्रगट है कि यहोवा की मंशा थी कि वे धन्यवादी होने के अवसर हों, जब इस्राएली अपनी फसलों को काटें।

इसलिए, पर्व सामान्यतः दो उद्देश्य पूरे करते थे। पहला, वे इस्राएल को स्मरण दिलाते थे कि परमेश्वर ने उन्हें भौतिक रूप में बनाया है और उन्हें अच्छी फसलें देता रहता है। दूसरा, उन्हें स्मरण करना था कि उसने कैसे उन्हें आत्मिक रूप में फ़िर से बनाया, मिस्र से छुड़ा कर लाने के द्वारा। इसी आत्मिक छुटकारे के कारण वे परमेश्वर के लोग बने। पर्व उनकी भौतिक भलाई तथा आत्मिक छुटकारे, दोनों का उत्सव मनाते थे, दोनों ही उन्हें उनके अनुग्रहकारी यहोवा से प्राप्त हुए थे।

अनुप्रयोग

यहूदी पर्व और नया नियम (अध्याय 23)

नए नियम में यहूदी पर्व। नए नियम में यहूदी पर्वों का उल्लेख बहुधा होता है। शब्द "फसह" सुसमाचारों में छब्बीस बार मिलता है। लूका 22:1 में "अखमीरी रोटी का पर्व" आया है (देखिए मत्ती 26:17; मरकुस 14:1); यूहन्ना 7:2 "झोंपडियों के पर्व" से संबंधित है; और यूहन्ना 10:22 "स्थापन पर्व" (एक ऐसा पर्व जो नए और पुराने नियम के मध्य के समय में आरंभ हुआ) की बात करता है। यीशु ने, एक विश्वासयोग्य यहूदी होने के नाते, यहूदियों के पर्व मनाए। उनके माता-पिता गलील से यरूशलेम को प्रति वर्ष पर्व मनाने के लिए जाते थे, और यीशु उनके साथ जाते थे (लूका 2:41, 42)। यूहन्ना रचित सुसमाचार विशेष रीति से बल देता है कि यीशु की व्यक्तिगत सेवकाई के समय में, उन्होंने यह सुनिश्चित किया था कि वे महत्वपूर्ण पर्वों पर यरूशलेम की यात्रा करेंगे (देखिए यूहन्ना 2:23; 4:45; 5:1; 6:4; 7:2, 10)। यीशु को फसह के पर्व के समय क्रूस पर चढ़ाया गया था (मत्ती 26:17; मरकुस 14:12; लूका 22:8; यूहन्ना 13:1)। पिन्तेकुस्त के दिन पहला सुसमाचार प्रचार किया गया, और कलीसिया का आरम्भ हुआ (प्रेरितों 2:1)।

यहूदी पर्व और नए नियम का धर्मविज्ञान। नए नियम के लेखकों ने यहूदी पर्वों में मसीही पद्धति के चिन्ह देखे।

1. मसीही युग में प्रथम फल। आर. के. हैरिसन ने ध्यान किया कि,

> नए नियम के लेखकों में प्रथम फल का विचार लोकप्रिय था, इसका उपयोग प्रारंभिक परिवर्तित होने वालों के लिए आत्मा के पहले फल कहकर (रोमियों 8:23); यहूदियों के लिए मसीही कलीसिया के पूर्वगामी कहकर (रोमियों 11:16); विश्वासी व्यक्तियों के लिए कहकर (रोमियों 16:5); मसीह के लिए पुनरुत्थान का प्रथम फल कहकर (1 कुरि. 15:20); मसीही विश्वासियों के लिए जिन्होंने सत्य के वचन द्वारा नया जन्म पाया (याकूब 1:18); और छुड़ाए हुए उस समूह के लिए जिसे प्रथम फल कहा गया (प्रका. 14:4)।[33]

2. मसीह फसह का मेमना और मसीही अखमीरी रोटी के रूप में। पौलुस ने फसह और अखमीरी रोटी के पर्व की मसीह द्वारा प्रदत्त उद्धार के साथ यह लिखते हुए तुलना की:

> ... क्या तुम नहीं जानते, कि थोड़ा सा खमीर पूरे गूंधे हुए आटे को खमीर कर देता है? पुराना खमीर निकाल कर, अपने आप को शुद्ध करो: कि नया गूंधा हुआ आटा बन जाओ; ताकि तुम अखमीरी हो, क्योंकि हमारा भी फसह जो मसीह है, बलिदान हुआ है। सो आओ हम उत्सव में आनन्द मनावें, न तो पुराने खमीर से और न बुराई और दुष्टता के खमीर से, परन्तु सीधाई और सच्चाई की अखमीरी रोटी से (1 कुरि. 5:6-8)।

पौलुस ने फसह के पर्व के साथ दो तुलनाएं कीं। पहली, यीशु हमारा फसह का मेमना है, जिसने अपना लहू बहाया कि हम जीवन पाएँ। दूसरी, मसीही "पर्व" (मसीही जीवन) की अखमीरी रोटी हैं; और उन्हें पाप के खमीर के स्थान पर मसीही गुणों को प्रदर्शित करना चाहिए।

3. प्रभु भोज। मसीही युग में, प्रभु भोज को फसह के पर्व के समान देखा जा सकता है। (1) इसका आरंभ फसह के भोजन के समय हुआ था। (2) इसमें भाग लेने वाले रोटी और दाखलता के फल में भाग लेते हैं। (3) इसका उद्देश्य अतीत के एक छुड़ाने वाले कार्य का स्मरण करवाना था। फसह परमेश्वर द्वारा दासत्व से इस्राएल के छुड़ाए जाने का स्मरण करवाता है, जब कि प्रभु भोज परमेश्वर द्वारा पाप से मनुष्य को छुड़ाए जाने का स्मरण करवाता है, हमारे फसह के मेमने मसीह की मृत्यु के द्वारा। एक भिन्नता है, फसह एक सालाना घटना थी, जबकि कलीसिया प्रभु भोज में प्रति सप्ताह के पहले दिन भाग लेती है। यह प्रकट है कि फसह एक "परछाईं" थी (देखिए इब्रा. 10:1) नई वाचा के पर्व के स्मरण की। अब वास्तविक हमारे समक्ष है, "परछाईं" की कोई आवश्यकता नहीं है।

4. यहूदी पर्व समाप्त हो गए। क्या मसीह की इच्छा थी कि कोई भी यहूदी पर्व मसीहियों द्वारा मनाया जाए? उत्तर है "नहीं," तीन कारणों से। (1) नया नियम सिखाता है कि पुराने नियम के सभी वाचा के नियम पूरे करके अलग कर दिए गए हैं, और पर्वों से संबंधित नियम इस श्रेणी में सम्मिलित हैं (कुलु. 2:14; देखिए इब्रानियों 8:6-13)। (2) हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है कि नए नियम की कलीसिया, जिसका मार्गदर्शन ईश्वरीय प्रेरणा पाए हुए प्रेरितों द्वारा हुई, ने इन पर्वों को मनाया। प्रेरितों की कलीसिया के लिए एकमात्र "पवित्र" दिन था सप्ताह

का पहला दिन, जब शिष्य "रोटी तोड़ने" के लिए साथ एकत्रित होते थे, अर्थात, प्रभु भोज में भाग लेने के लिए (प्रेरितों 20:7)। (3) कुल्लुस्सियों 2:16, 17 उनकी सुनने के विरुद्ध सचेत करता है जो मसीहियों पर "पर्व को नए चाँद या सब्त के दिन" के साथ बाँधने का प्रयास करते हैं।

5. "मसीही" पवित्र दिनों का प्रश्न। मसीही युग में, क्या मसीह चाहता है कि उसकी कलीसिया यहूदियों के पर्वों के समान कोई मसीही पर्व या पवित्र दिन मनाए? कलीसिया की स्थापना के बाद की सदियों में, एक गिरावट आई। अनेकों, जो मसीहियत का दावा करते थे, वे सत्य से भटक गए और कलीसिया में उन्होंने अपने ही नियम स्थापित कर लिए, और नए नियम में पाए जाने वाले परमेश्वर के मानकों की अवहेलना की। जब यह हुआ, तब पतित कलीसिया ने, यहूदियों में पाए जाने वाले दिनों के समान, "मसीही" पवित्र दिनों की पद्धति आरंभ कर दी। इनमें क्रिसमस, लेंट और ईस्टर सम्मिलित हैं। यद्यपि मसीह के जन्म या पुनरुत्थान का उत्सव मनाने में कुछ गलत नहीं है, परन्तु जो व्यक्ति मसीह का अनुसरण करना चाहते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि नया नियम नहीं चाहता है - और इसलिए मसीह नहीं चाहता है - कि कलीसिया ऐसे दिनों को मनाए। जो एकमात्र आवश्यकता है वह है कि संत सप्ताह के पहले दिन प्रभु भोज में भाग लेने के लिए एक साथ एकत्रित हों।

नियमित आराधना करना (अध्याय 23)

परमेश्वर ने अपने लोगों इस्राएल को पवित्र राष्ट्र के समान जीने के लिए बुलाया था। उसे प्रसन्न करने के लिए उन्हें लहू से शुद्ध होना था, अशुद्धता से बचकर रहना था, और उसकी नियमित आराधना करनी थी।

आज परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए क्या चाहिए? कुछ विश्वास करते हैं कि वह केवल वैराग्य से प्रसन्न होता है - अपने शरीर से दुर्व्यवहार करना, अपनी शारीरिक आवश्यकताओं से इन्कार करना, जीवन को सुखी बनाने वाली वस्तुओं से बचकर रहना। अनेकों कहेंगे कि परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए हमें औरों के साथ सही व्यवहार करना चाहिए। परन्तु बहुत कम हैं जो कहेंगे कि परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए उसकी नियमित आराधना करनी चाहिए।

निश्चय ही परमेश्वर हमारे द्वारा औरों के साथ किए गए व्यवहार से सम्बद्ध है, और उसकी आराधना करने से हमारे अनुचित कार्य या अनैतिक व्यवहार की पूर्ति नहीं होगी। परन्तु यीशु ने कहा, "परन्तु वह समय आता है, वरन अब भी है जिस में सच्चे भक्त पिता का भजन आत्मा और सच्चाई से करेंगे, क्योंकि पिता अपने लिये ऐसे ही भजन करने वालों को ढूंढता है" (यूहन्ना 4:23)। परमेश्वर आराधकों को ढूँढता है! वह चाहता है कि उसके लोग उसकी आराधना करें।

बाइबल इतिहास के आरंभ से, सदा ही परमेश्वर की आराधना होती आई है। इसलिए हमें अचंभित नहीं होना चाहिए कि लैव्यव्यवस्था में अपने पवित्र राष्ट्र को परिभाषित करने में परमेश्वर ने यह प्रकट किया कि इस्राएल के लोग उसकी

नियमित आराधना करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे ऐसा करेंगे, परमेश्वर ने कई ऐसे अवसर दिए जिनमें इस्राएली उसे बलिदान चढ़ाएं। जब हम उन आराधना के अवसरों पर ध्यान करते हैं, तो हम प्रश्न करें कि वे आज परमेश्वर द्वारा चाही गई आराधना के साथ किस प्रकार से संबंधित हैं।

इस्राएलियों के लिए आराधना के अवसर

"आराधना" इस पाठ में श्रद्धा का वह कार्य है जिसे यहोवा को अर्पित किया जाता है या एक ऐसा अवसर जिसमें ऐसे कार्यों को अर्पित किया जाता है। हमारा सारा जीवन आराधना समझा जा सकता है, क्योंकि हम जो कुछ भी करें वह परमेश्वर की महिमा के लिए होना चाहिए। किन्तु हम उन अवसरों की बात कर रहे हैं जिनमें परमेश्वर के लोग जान-बूझकर दैनिक दिनचर्या के कार्यों को छोड़कर सच्चे परमेश्वर के प्रति श्रद्धा के कार्यों के बारे में सोचते हैं और उन्हें करते हैं।

जब हम लैव्यव्यवस्था और शेष पेंटाट्युक को देखते हैं, तो हम पाते हैं कि परमेश्वर चाहता था कि उसके लोग धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष अवसरों को मनाने के द्वारा उसकी आराधना करें। वे ऐसा नियमित रीति से करते थे: दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, और वार्षिक। दो विशेष वर्षों को भी नियमित मनाया जाना था।

दैनिक

धर्मिक अनुष्ठान इस्राएल के राष्ट्रीय जीवन में व्याप्त थे। याजक मण्डली के लिए दैनिक बलिदान चढ़ाते थे, और प्रतिदिन लोग अतिरिक्त बलिदान चढ़ाए जाने के लिए याजकों के पास लाते थे। ये बलिदान राष्ट्र की धार्मिक प्रवृत्ति को तो दिखाते थे साथ ही वे व्यक्तियों से भी सम्बद्ध थे। जब भी कोई इस्राएली इस बात से अवगत होता था कि उसने पाप किया है, तो उसे पापबलि या दोषबलि चढ़ानी होती थी। इसके अतिरिक्त, जो कोई भी मन्नत मानता, किसी बात के लिए परमेश्वर का कृतज्ञ होता, या उसके प्रति अपने प्रेम को प्रकट करना चाहता, वह यहोवा के लिए होमबलि चढ़ाता था।

क्या इन चढ़ावों का करना "आराधना" कहा जा सकता था? निश्चय ही। वे परमेश्वर को आदर देने के लिए किए जाते थे। वह उनकी माँग करता था, वह अराधक के भक्ति के कार्य को ग्रहण करने वाला था, और बाइबल बताती है कि वह ऐसे बलिदानों से प्रसन्न होता था। लैव्यव्यवस्था प्रमाण देती है कि भक्त इस्राएली दैनिक रीति से आराधना के कार्य करते थे।[34]

व्यवस्थाविवरण इसमें जोड़ता है कि इस्राएली माता-पिता को ये निर्देश दिए गए थे:

> "और ये आज्ञाएं जो मैं आज तुझ को सुनाता हूं वे तेरे मन में बनी रहें; और तू इन्हें अपने बाल-बच्चों को समझाकर सिखाया करना, और घर में बैठे, मार्ग पर चलते, लेटते, उठते, इनकी चर्चा किया करना" (व्यव. 6:6, 7)।

यह खण्ड आराधना के विषय तो नहीं कहता है, परन्तु इस बात पर बल अवश्य देता है कि इस्राएलियों को भक्ति वाले घर विकसित करने थे। परमेश्वर का आदर करना सप्ताह के एक ही दिन के लिए नहीं था, परन्तु सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए था!

साप्ताहिक

दैनिक आराधना के कार्यों के अतिरिक्त, परमेश्वर के लोगों को प्रति सप्ताह के सातवें दिन विश्रामदिन को मनाना था। अध्याय 23 लैव्यव्यवस्था में विशेष अवसरों के लिए प्राथमिक स्त्रोत है, जब इस्राएलियों को परमेश्वर की आराधना करनी थी।[35] यद्यपि इस अध्याय का मुख्य विषय इस्राएल द्वारा मनाई जाने वाली वार्षिक पर्वों की पद्धति थी, परमेश्वर ने अपने निर्देशों का आरंभ मूसा की व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण दिन, विश्रामदिन (23:3) से संबंधित आज्ञा को दोहराने के द्वारा किया।

जब विश्रामदिन की आज्ञा सबसे पहले दस आज्ञाओं में दी गई, तो वह केवल यही निर्धारित करती थी कि लोग विश्रामदिन के दिन विश्राम करें (निर्गमन 20:8-11)। यद्यपि जो लैव्यव्यवस्था 23 में कहा गया है उससे "विश्राम" या कार्य को न करने को निषिद्ध नहीं किया गया है, किन्तु यह तथ्य कि यह लेख विश्रामदिन का वर्णन "पवित्र सभा का दिन" ("पवित्र सभा"; NIV) कह कर संकेत करता है कि विश्रामदिन में सभा एवँ विश्राम दोनों होते थे। दूसरे शब्दों में, लोग परमेश्वर की आराधना करने के लिए प्रति सप्ताह एक साथ विश्रामदिन में एकत्रित होते थे। यीशु जब जीवित थे तो उन्होंने इस प्रथा का अनुमोदन किया, क्योंकि यह उनकी प्रथा थी कि वे विश्रामदिन में आराधनालय जाया करते थे (लूका 4:16)।

मासिक

यद्यापि यह लैव्यव्यवस्था 23 में उल्लेखित नहीं है, इस्राएली प्रत्येक माह के पहले दिन आराधना का विशेष दिन मनाते थे। गिनती 10:10; 28:11-15 में नए चाँद के पर्व का उल्लेख है। इस पर्व पर बलिदान चढ़ाए जाते थे।

वार्षिक

अधिकांश लैव्यव्यवस्था 23 इस्राएल के वार्षिक पर्वों से सम्बद्ध है, वे जिन्हें लोग वर्ष में एक बार मनाते थे। अध्याय ऐसे छः वृतांतों का उल्लेख करता है (यद्यपि फसह का पर्व और अखमीरी रोटी का पर्व कभी-कभी एक ही पर्व माने जाते हैं, और प्रायश्चित का दिन पर्व उत्सव नहीं उपवास था)।

फसह (23:5)। फसह को पहले महीने के चौदहवें दिन मनाया जाता था (ग्रेगोरियन कैलेंडर में मार्च/अप्रैल)। प्रत्येक परिवार के लोग अपने-अपने घरों में एकत्रित होते थे कि फसह को एक साथ खा सकें, मिस्र से छुड़ाए जाने के स्मरण के उपलक्ष्य में। इस पर्व का नाम उस अंतिम विपत्ति, पहलौठे के मृत्यु से पड़ा था, जब यहोवा इस्राएलियों के घरों पर से "लांघकर" चला गया और उनके पहलौठों को

नहीं मारा क्योंकि उन्होंने अपने द्वारों के अलंगों पर लहू लगा लिया था।[36]

अखमीरी रोटी (23:6-8)। अखमीरी रोटी का पर्व पहले महीने के पन्द्रहवें दिन (फसह से अगले दिन) आरंभ होता था और सात दिन तक चलता था। यह भी इस्राएल को स्मरण करवाने के लिए था कि यहोवा ने उन्हें मिस्र से छुड़ाया था। इसका नाम इस तथ्य से पड़ा था कि इस्राएली इतनी शीघ्रता से मिस्र से निकले कि जो आटा वे अपने साथ लेकर निकले वह खमीरा नहीं किया जा सका था (निर्गमन 12:33, 34)। इसलिए पर्व के सातों दिन इस्राएलियों ने अखमीरी रोटी खाई। पहले दिन, और फ़िर सातवें दिन, लोगों को एक "पवित्र सभा" करनी थी (लैव्य. 23:7, 8)।[37]

पहली उपज (या कटनी या सप्ताहों) (23:15-22)। पहली उपज या कटनी का पर्व फसह से पचास दिन के बाद मनाया जाता था (अप्रैल/मई के समतुल्य)। इस्राएलियों को गेहूँ की फसल की कटनी के आरंभ को मनाना था, उपज के पहले फलों में से यहोवा के लिए चढ़ावा और अन्य बलिदान लाने के द्वारा। पहली उपज के पर्व के साथ "एक पवित्र सभा" का आयोजन भी किया जाना था (23:21)।

नरसिंगे (23:23-25)। नरसिंगों का पर्व सातवें महीने के पहले दिन होता था (सितंबर या अक्तूबर के समतुल्य)। यह धार्मिक वर्ष के सातवें महीने के आरंभ का संकेत था, जब दो सबसे महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाते थे। लैव्यव्यवस्था के अनुसार, यह पर्व सातवें महीने के पहले दिन मनाया जाता था, यह महीना इस्राएल के सामाजिक कैलेण्डर का पहला महीना माना जाने लगा। इसे यहूदियों द्वारा अभी भी मनाया जाता है, यहूदियों के नव वर्ष का दिन रोश हशानाह के नाम से।[38] नरसिंगों के पर्व में, परमेश्वर को बलिदान चढ़ाए जाते थे, और "पवित्र सभा" आयोजित की जाती थी (23:24, 25)।

प्रायश्चित का दिन (23:26-32)। प्रायश्चित का वार्षिक दिन सातवें महीने के दसवें दिन होता था। बीते वर्ष में लोगों द्वारा किए गए पापों के लिए बलिदान चढ़ाए जाते थे। इस्राएली अपने आप को "दुखी" करके इस दिन को मनाते थे। सामान्यतः इसका अर्थ उपवास को सम्मिलित करना समझा जाता था, पश्चाताप दिखाने के लिए। (यह व्यवस्था की एकमात्र ऐसी आज्ञा मानी जाती है जिसमें उपवास आवश्यक था।) लोगों को काम-काज करने से भी मना किया गया था। यदि कोई प्रायश्चित के दिन के नियमों का पालन नहीं करता था, तो उसे गंभीर परिणामों को झेलना पड़ता था। इसे मनाए जाने को "पवित्र सभा का दिन" भी कहा जाता था (23:27)।

झोंपड़ियों (या बटोरे जाने) का पर्व (23:33-43)। प्रायश्चित के दिन के कुछ ही दिन के बाद, इस्राएली लोग झोंपड़ियों या निवास-स्थान का पर्व मनाते थे, सातवें महीने के पन्द्रहवें दिन से आरंभ करके आठ दिन तक। अखमीरी रोटी के पर्व के समान, यह सप्ताह भर (इसके अतिरिक्त कि झोंपड़ियों के पर्व के निर्देशों में "आठवें दिन" के लिए आवश्यकताएँ भी सम्मिलित थीं) चलता था। पहले और आठवें दिन "पवित्र सभा" की आवश्यकता थी (23:35, 36; देखिए गिनती 29:35); लोगों को उन दिनों में विश्राम भी करना होता था। इसके अतिरिक्त, पर्व

के सातों दिन बलिदान भी चढ़ाए जाते थे। इस पर्व का अनूठा गुण था कि इस्राएलियों को घर में ही बनाए गए "झोंपड़ों" या "निवास-स्थानों" में सातों दिन रहना होता था उन्हें स्मरण दिलाने के लिए कि निर्जन इलाके में चालीस वर्ष तक राष्ट्र झोंपड़ियों में रहा था (23:42, 43)। यह पर्व अंतिम कटनी को भी मनाता था; इसे "वर्ष के अन्त में बटोरन का पर्व" भी कहा जाता है (निर्गमन 23:16)।

विशेष वर्ष: विश्राम वर्ष और जुबली का वर्ष

लैव्यव्यवस्था 25 दो विशेष वर्षों क वर्णन करता है जो इस्राएलियों को मनाने थे। एक था विश्राम वर्ष।[39] प्रति सातवें वर्ष, इस्राएलियों को अपनी भूमि को विश्राम देना था। उन्हें कोई भी फसल न तो उगानी थी और न ही काटनी थी, परन्तु उन्हें पिछले वर्ष की बहुतायत की फसल के भण्डार पर जीना था। उन्हें स्वाभाविक रीति से उगने वाले भोजन को खाने की अनुमति थी, यदि वे सामान्य विधि के समान उसकी कटनी नहीं काटते।

दूसरा विशेष वर्ष था जुबली का वर्ष। यह प्रति पचासवें वर्ष में होता था, जब सात विश्राम वर्ष मना लिए जाते थे। जुबली के वर्ष में, लोगों को न ही बोना था और न ही काटना था। जुबली का सबसे महत्वपूर्ण पहलू था भूमि का उसके मूल स्वामी को लौटा दिया जाना: यदि किसी इस्राएली ने अपनी भूमि को बेच दिया था, तो उस भूमि के स्वामित्व का अधिकार उसके मूल स्वामी के पास लौट आता था। साथ ही, यदि किसी इस्राएली ने अपने आप को किसी अन्य इस्राएली के पास दासत्व में बेच दिया था, तो जुबली के वर्ष में वह दासत्व से मुक्त हो जाता था।

इन दो विशेष वर्षों की माँग परमेश्वर द्वारा की जाती थी और ये उसके आदर के लिए मनाए जाते थे, परन्तु इनमें आराधना के कोई विशेष कार्य सम्मिलित नहीं थे। ये इस्राएलियों को स्मरण दिलाते थे कि परमेश्वर उनके समय का प्रभु, और उनकी भूमि का वास्तविक स्वामी है।

संक्षेप और महत्व

इन पवित्र-शास्त्रों से हमें मान लेना चाहिए कि इस्राएल को नियमित आराधना करने वाला राष्ट्र होने के लिए बुलाया गया था। पवित्र राष्ट्र होने के कारण, परमेश्वर के लोग, अन्य लोगों से अपने पृथक होने को, एकमात्र सच्चे परमेश्वर यहोवा की बारम्बार आराधना के द्वारा घोषित करते थे। जो भी इस्राएलियों पर वर्ष भर ध्यान लगाए रहते थे वे प्रभावित हो जाते। वे मण्डली को प्रतिदिन, प्रति सप्ताह, प्रति माह, और अनेकों वार्षिक पर्वों के दिनों में बलिदान चढ़ाते हुए देखते। वे लोगों को सभाओं के लिए प्रति सप्ताह, और प्रति माह और, फ़िर से, वार्षिक पर्वों के दिनों में एकत्रित होते हुए देखते। देखने वाले यह निष्कर्ष निकालते कि इस्राएली राष्ट्र अपने धर्म के विषय गंभीर था और अपने परमेश्वर की आराधना करने के लिए भक्त थे।

संभवतः और अधिक महत्वपूर्ण था कि प्रत्येक परिवार - वासत्व में प्रत्येक व्यक्ति - जो परमेश्वर के लोगों में माना जाता था, वह यहोवा की आराधना करने

के लिए बुलाया गया था। उदाहरण के लिए, कोई इस्राएली, जो परमेश्वर के निर्देशों का पालन करता, वह अपने पापों के लिए बलिदान चढ़ाता, होमबलियां लाता, अनेकों "पवित्र सभाओं" में, जो व्यवस्था की आवश्यकता थी, सम्मिलित होता (जिनमें से दो में उसे परमेश्वर की आराधना के लिए सप्ताह लगाना होता था), प्रायश्चित के दिन उपवास रखता, और अपने बच्चों को परमेश्वर के वचन में से प्रतिदिन सिखाता (जो व्यव. 6:4-9 के निर्देशों के अनुसार है)। उसका जीवन, दूसरे शब्दों में, परमेश्वर की आराधना के उसके दायित्व के चारों ओर घूमता था।

निश्चय ही, यह चित्रण, इस्राएलियों को वैसा दिखाता है जैसा परमेश्वर चाहता था कि वे हों। हम जानते हैं कि परमेश्वर के लोग बहुधा उस आदर्श से कम पाए गए। कभी-कभी इस्राएली निर्धारित पर्वों को मनाने से भी चूक गए या उन्हें उस प्रकार नहीं मनाया जैसा परमेश्वर चाहता था (2 राजा 23:22)। कभी-कभी वे यहोवा के सम्मुख सही चढ़ावे लेकर नहीं आए (मलाकी 1:6-12)। उन में से कुछ यह विचार रखते थे कि जब तक कि वे बलिदान चढ़ाते रहेंगे, वे जैसे चाहे वैसे रह सकते हैं और दूसरों के साथ निर्भय होकर दुर्व्यवहार कर सकते हैं (यशा. 1:10-17)।

इन असफलताओं से यह सत्य रद्द नहीं होता कि परमेश्वर चाहता था कि उसके लोग नियमित आराधना के द्वारा पहचाने जाएँ। उनके लिए यह महत्वपूर्ण था कि औरों के साथ सही व्यवहार करें, परन्तु इतना ही पर्याप्त नहीं था: परमेश्वर चाहता था कि इस्राएल नियमित रीति से उसके प्रति आदर प्रदर्शित करने वाली गतिविधियों में संलग्न रहे।

इस्राएल की आराधना से मसीही क्या सीख सकते हैं

इस्राएल के विशेष दिनों, समयों, और वर्षों का अध्ययन करने से हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें भी वही दिन और पर्व मनाने हैं जो यहूदियों को मनाने थे। वे सभी दिन मूसा की व्यवस्था का भाग थे, और वह व्यवस्था हटा ली गई है (गल. 3:23-25; कुलु. 2:14)। अब वह लागू नहीं है।

इस युग में अधिकांश लोग इस विचार को स्वीकार करते हैं कि पुराने नियम की आज्ञाओं और पर्वों, जैसे कि फसह का पर्व और झोंपड़ियों का पर्व, को मनाने से मसीही स्वतंत्र हैं। परन्तु मसीह का अनुसरण करने का दावा करने वालों में से कुछ अभी भी यह सोचते हैं कि हमें किसी रूप में विश्रामदिन को मनाना चाहिए; और एक आम धारणा है कि "मसीही विश्रामदिन" सप्ताह का पहला दिन, इतवार का दिन है। इस धारणा के विरोध में कई तर्क दिए जा सकते हैं: (1) विश्रामदिन की आज्ञा पुराने नियम का भाग है, और वह सारी व्यवस्था से अब बाध्य नहीं है।[40] (2) नया नियम मसीहियों से सप्ताह के पहले दिन, प्रभु के दिन, आराधना चाहता है, न कि विश्रामदिन में (प्रेरितों 20:7; 1 कुरि. 16:1, 2; प्रका. 1:10)। मसीहियों के लिए केवल यही एक विशेष दिन पृथक किया गया है। (3) नया नियम यहूदी विश्रामदिन की, स्वर्ग में हमारे अंतिम विश्राम के समय के साथ तुलना करता है,

न कि सप्ताह के पहले दिन के साथ (इब्रा. 4:1-11)। (4) विश्रामदिन की प्राथमिक आवश्यकता थी विश्राम, कोई काम नहीं करना। यह आज्ञा नए नियम में दोहराई नहीं गई है, और यह निश्चय ही प्रभु के दिन के साथ जुड़ी आवश्यकताओं का भाग नहीं है।[41]

हमें यह निष्कर्ष नहीं निकाल लेना चाहिए कि पुरानी वाचा के वार्षिक पर्व वाले दिवसों के कारण, परमेश्वर चाहता है कि मसीही युग में भी हम विशेष धार्मिक विश्राम के दिवसों को मनाएं। आज ऐसा एकमात्र विशेष दिन जिसमें धार्मिक गतिविधि की आवश्यकता है, वह प्रभु का दिन, सप्ताह का पहला दिन है। मसीही अन्य दिनों में आराधना करना चुन सकते हैं; मण्डलियाँ निर्धारित कर सकती हैं कि वे आराधना के लिए किस दिन एकत्रित होंगी। किन्तु किसी भी कलीसिया या व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है कि वह यह बाध्य करे कि मसीहियों को अन्य "पवित्र दिन" (जैसे कि क्रिसमस या ईस्टर) मनाने होंगे, जैसे कि इस्राएलियों को परमेश्वर द्वारा निर्धारित पर्व के दिन मनाने होते थे।

नियमित आराधना का महत्व

आज कलीसिया में सम्मिलित होने वाले बहुतेरे लोग, मसीही मण्डली के महत्व को नहीं पहचानते हैं। यदि हम नए नियम की कलीसिया के उदाहरण का अनुसरण करते हैं, तो हम नियमित रूप से आराधना करेंगे। पहली शताब्दी के मसीही "प्रेरितों से शिक्षा पाने, और संगति रखने, और रोटी तोड़ने, और प्रार्थना करने में लौलीन रहे" (प्रेरितों 2:42; KJV)। वे सप्ताह के पहल दिन तथा अन्य अवसरों पर एकत्रित होते थे। इसके अतिरिक्त नया नियम हमें आज्ञा देता है कि हम "एक दूसरे के साथ इकट्ठा होना ने छोड़ें, जैसे कि कितनों की रीति है" (इब्रा. 10:25)। यदि कलीसिया नियमित रूप से एकत्रित होती है, तो प्रत्येक संत को उन सभाओं के लिए उपस्थित होना चाहिए, अन्यथा कि, उदाहरण के लिए, वह बीमारी के कारण उपस्थित होने में असमर्थ है।

आराधना न केवल एक आवश्यकता है, वरन एक विशेषाधिकार भी है। परमेश्वर हमें आशीष देता है कि हम उसकी उपस्थिति में आएँ और उसकी स्तुति करें। हमें मण्डली में उपस्थित होना चाहिए क्योंकि हम परमेश्वर के लोग हैं जो धन्यवाद की भेंटों के साथ उसके सम्मुख आने का विशेषाधिकार रखते हैं।

हमारी नियमित आराधना केवल अपनी मण्डली की सभाओं तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। व्यक्तिगत रीति से, और पारिवारिक समूहों में, हम कर सकते हैं और हमें करना चाहिए कि हम स्तुति गीत गाएं, प्रार्थनाएं करें और परमेश्वर के वचन में से पढ़ें। इस्राएलियों की आराधना निर्धारित समयों और कालों तक ही सीमित नहीं थी, हमारी भी नहीं होनी चाहिए। मसीही परिवारों को परमेश्वर की स्तुति और धन्यवाद प्रतिदिन करना चाहिए।

आज कलीसिया में, हमें आराधना के महत्व पर बल देना चाहिए। हमें पाखंड के, मनुष्यों को दिखाने के लिए आराधना करने के, विरोध में शिक्षा देनी चाहिए (मत्ती 6:1)। हमें बल देना चाहिए कि आराधना परमेश्वर की प्रसन्नता को

सुनिश्चित नहीं करेगी यदि आराधक धार्मिकता के जीवन को जीने का भरसक प्रयास नहीं कर रहा है तो। हमें सिखाना चाहिए कि जैसे पुराने नियम के समय में नियमित आराधना किए बिना इस्राएली परमेश्वर को प्रसन्न नहीं कर सकते थे, उसी प्रकार नए नियम के समय में कोई मसीही भी नियमित आराधना किए बिना परमेश्वर को प्रसन्न नहीं कर सकता है।

आराधना का अर्थ और उद्देश्य

इस्राएल की आराधना से हम कम से कम साथ तथ्यों को सीखते हैं।

1. जब हम परमेश्वर की आराधना करते हैं, तो हम सँसार से भिन्न समाज की रचना करते हैं। इस्राएलियों का विश्रामदिन को मनाना, और उनका पर्वों को मनाना, उन्हें अन्य राष्ट्रों से पृथक करता था और परमेश्वर द्वारा पवित्र होने के लिए बुलाए गए विशेष लोग होने की पहचान की उनकी समझ को विकसित करता था। आराधक एक साथ होमाबलियों को खाने के द्वारा एक सहभागिता भोज में सम्मिलित होते थे जो उन्हें परस्पर निकट लाता था। उसी प्रकार से, जब हम कलीसिया के रूप में मिलते हैं, तो हम सँसार पर घोषणा करते हैं कि हम औरों से भिन्न हैं। सँसार से अपनी भिन्नता को पहचानने के द्वारा, हम परस्पर और निकट आते हैं। आराधना के समय में एक दूसरे के निकट होने से हम में मित्रता के संबंध बनते हैं और भाईचारे के बंधन विकसित होते हैं। जब हम एक साथ नियमित रूप से आराधना करते हैं, तो अलग-अलग व्यक्ति एक मण्डली बन जाते हैं, एक समाज, एक देह - और यही मसीह की इच्छा थी कि हम हों जब उसने अपनी कलीसिया को बनाया।

2. आराधना स्मरण करने और सीखने के लिए है। इस्राएल में, जब लोग आराधना करते थे, उन्हें स्मरण करने के लिए कहा जाता था कि परमेश्वर ने छः दिनों में सँसार की सृष्टि की और सातवें दिन विश्राम किया, और यह कि उसने उन्हें मिस्र से छुडाते समय उनके पहलौठों को बचा लिया, और उसने चालीस वर्ष तक निर्जन प्रदेश में उनका मार्गदर्शन किया और उनकी देखभाल की। जैसे जैसे समय बीतता गया, आराधना के ये अवसर भावी पीढ़ियों के लिए सीखने के अवसर बनते गए कि उनके पुरखाओं ने क्या कुछ व्यक्तिगत अनुभव किया था। उसी प्रकार से जब हम एक साथ आराधना करते हैं, तो हमें परमेश्वर के अनुग्रहपूर्ण कार्य स्मरण आते हैं और विशेषकर हमारे लिए क्रूस पर यीशु की मृत्यु। जब हम परमेश्वर के वचन का अध्ययन करते हैं, तो हम उन्हीं महान सच्चाईयों के बारे में सीखते हैं जिन्हें इस्राएल मनाता था, साथ ही उन सभी अद्‌भुत सत्यों के बारे में भी जिन्हें परमेश्वर ने हमारे लिए हमारे समय में किया है।

3. आराधना परमेश्वर की स्तुति और धन्यवाद करने के बारे में है। व्यवस्था के अन्तर्गत आराधना के अवसरों में न केवल बहुत समय पहले किए गए परमेश्वर के महान कार्यों को स्मरण किया जाता था, वरन परमेश्वर ने राष्ट्र के लिए हाल ही में जो कुछ किया उसे भी पहचाना जाता था। लोग न केवल उसे पहचानते थे जो परमेश्वर ने उनके लिए बीते समय में किया था, परन्तु यह भी कि वह भरपूरी की

फसलों से उन्हें आशीषित करता आ रहा है। परमेश्वर को बलिदान और चढ़ावे अर्पित किए जाते थे उसका धन्यवाद, और स्तुति करने के लिए, और उसके नाम को महिमा देने के लिए। पवित्र सभाएं उसका आदर करती थीं। उसी प्रकार से, हमारी "पवित्र सभाओं" में हमें परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए उसकी आशीषों के लिए और उसकी भलाई और महानता के लिए उसकी स्तुति करनी चाहिए!

4. आराधना देने के बारे में है। इस्राएलियों द्वारा अर्पित किए गए बलिदानों का प्राथमिक ग्रहण करने वाला परमेश्वर था; उसके लिए वे मनभावनी सुगंध थे। जब लोग आराधना करते थे, वे परमेश्वर को देते थे। वे औरों को भी देते थे; क्योंकि कुछ बलिदान याजकों को भी दिए जाते थे, और कुछ परिवार तथा मित्रों के साथ साझा किए जाते थे। आज भी, आराधना देने का समय है। हम परमेश्वर को स्तुति अर्पित करते हैं और एक दूसरे को प्रोत्साहित करते हैं। हम अपने संसाधनों में से, अपने धन में से देते हैं (1 कुरि. 16:1, 2)। जब हम ऐसा करते हैं, हम परमेश्वर को तथा औरों को देते हैं, क्योंकि जिस धन का योगदान हम कलीसिया में करते हैं वह भले कार्यों और सुसमाचार प्रचार के लिए प्रयोग होता है।

5. आराधना पापों के अंगीकार और क्षमा याचना के बारे में है। जब किसी इस्राएली को यह बोध होता था कि उसने पाप किया है तो उसे अपने पाप को स्वीकार करना होता था और परमेश्वर के सम्मुख एक चढ़ावा लाना होता था। उस चढ़ावे को अर्पित करना उसकी आराधना थी, और उसके माध्यम से वह क्षमा प्राप्त करता था। प्रायश्चित का दिन, पूर्णतः, क्षमा याचना करने के विषय में था। उपवास के द्वारा, परमेश्वर के लोग क्षमा की अपनी आवश्यकता को स्वीकार करते थे; वे अंगीकार करते थे कि वे पापी हैं। आज की आराधना सभा में पाप अंगीकार तथा क्षमा याचना इतने प्रत्यक्ष न हों; परन्तु जब हम आराधना में प्रार्थना करते हैं, तो हम अपने पापों को मान लेते हैं और क्षमा भी मांगते हैं। यदि हम यह विश्वास रखते हैं कि परमेश्वर प्रार्थना सुनता है और उत्तर देता है, तो हमें यह भी विश्वास करना चाहिए कि हम आराधना सभा से क्षमा प्राप्त करके जाते हैं।

6. आराधना परमेश्वर के प्रति हमारे समर्पण के नवीनिकरण के बारे में है। जब कोई इस्राएली यहोवा को होमबलि चढ़ाता था, वह जो वेदी पर पूर्णतः भस्म हो जाती थी, उसका अभिप्राय होता था कि वह अपने आप को यहोवा को पूर्णतः समर्पित कर रहा है। यही हमारे लिए भी सत्य है: आराधना नवीनीकरण का समय होना चाहिए। जब हम कहते हैं, "बीते समय में मैं वैसा समर्पित नहीं था जैसा मुझे होना चाहिए था; परन्तु अब और यहाँ मैं निर्णय लेता हूँ कि मैं अपना सर्वस्व यीशु को देने का भरसक प्रयास करूँगा, अपनी देह को परमेश्वर के लिए 'जीवित बलिदान' करके चढ़ाऊँगा" (देखिए रोमियों 12:1)। हमें आराधना के प्रत्येक अवसर से मसीह के कार्य के प्रति एक नए समर्पण के साथ जाना चाहिए।

7. आराधना आनन्दित होने के बारे में। इस्राएल के महान पर्व, उत्सव और बड़े आनन्द के समय होते थे। उसी प्रकार से, हमें आराधना के अवसरों को परमेश्वर के सम्मुख आने और उसके नाम की स्तुति करने के सुअवसर मानना चाहिए। हमें

आनंदित होना चाहिए कि हमारे पास आराधना के लिए अवसर है। हमारा रवैया भजनकार का सा होना चाहिए: "जब लोगों ने मुझ से कहा, 'आओ हम यहोवा के भवन को चलें,' तब मैं आनन्दित हुआ" (भजन 122:1)।

उपसंहार। पुराने नियम में परमेश्वर के लोग नियमित रूप से उसकी आराधना करते थे। हम जो मसीही हैं हमें और कितना अधिक उसकी आराधना के लिए प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि हमारे पास अधिक जानकारी है कि हमारे उद्धार के लिए उसने क्या कुछ किया है। हम उसकी आराधना पाखण्ड के साथ - दिखावे के लिए - नहीं करें, वरन हम उसकी आराधना नियमित रीति से, उत्साह के साथ, नम्र होकर, और निरन्तर करें। तब निश्चय ही हम परमेश्वर की पवित्र प्रजा हो जाएँगे।

कोय डी. रोपर

समाप्ति नोट्स

[1]क्रिस्टोफ़र जे. एच. राइट ने कहा, "यह अध्याय, जैसे [व्यवस्थाविवरण] 16, एक साधारण व्यक्ति का कैलेंडर है" (क्रिस्टोफ़र जे. एच. राइट, "लैव्यव्यवस्था," इन *न्यू बाइबल कमेंट्री: 21 सेंचुरी एडिशन*, एड. डी. ए. कार्सन, आर. टी. फ़्रांस, जे. ए. मोटेयर, और जी. जे. वेनहम [डाउनर्स ग्रोव, बीमार: इंटरवर्सिटी प्रेस, 1994], 151)। इस विचार को संशोधित करने की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि कुछ निर्देश मुख्य रूप से याजकों पर लागू होते हैं - जैसे लैव्यव्यवस्था 23:18, 19 के निर्देश और विशेष दिनों को "घोषित" करने की आज्ञाएँ। [2]नए नियम में इस पर्व को "पेन्तिकुस्त" के रूप में जाना जाता है (प्रेरितों 2:1)। [3]पुराने नियम के अनुच्छेद भी इस्राएल के वार्षिक पर्वों के दिनों की सूची बनाते और/या इन पर चर्चा करते हैं (निर्गमन 12; 13; 23:14-17; 34:18-23; गिनती 28; 29; व्य. 16:1-17)। एक मासिक आवश्यक पर्व छूट गया है - नए चंद्रमा का पर्व (गिनती 10:10; 28:11-15)। बाद में दो उत्सव उत्पन्न हुए: पुरीम का पर्व (एस्तेर 9:18-32) और समर्पण पर्व (यूहन्ना 10:22)। उत्तरार्द्ध पर्व जिसे "हनुक्काह" या "ज्योतियों का पर्व" भी कहा जाता है, वह इंटरटेस्टामेंटल काल के दौरान उत्पन्न हुआ। [4]यह टिप्पणी जेम्स बर्टन कोफ्फमन के द्वारा, और इसके साथ ही अन्य टिप्पणीकारों के द्वारा भी की गई थी। (जेम्स बर्टन कोफ्फमन, *कमेंट्री ऑन लैव्यव्यवस्था एण्ड गिनती* [एबिलिन, टेक्सास: ए.सी.यू. प्रेस, 1987], 213.) [5]फ्रांसिस ब्राउन, एस. आर. ड्राईवर, एण्ड चार्ल्स ए. ब्रिग्ग्स, *ए हिब्रू एण्ड इंग्लिश लेक्सीकॉन ऑफ़ द ओल्ड टेस्टमेंट* (ऑक्सफ़ोर्ड: क्लेरेंडेन प्रेस, 1977), 417. [6]जॉन ई. हार्टले, *लैव्यव्यवस्था*, वर्ड बिब्लिकल कमेंट्री, वॉल्यूम 4 (डल्लास. वर्ड बुक्स, 1992), 375. [7]अन्य संस्करणों में "पवित्र सभाओं" बजाए "पवित्र सभाएं" (NIV), "पवित्र अवसर" (NJPSV), और "पवित्र बैठकें" (NCV) हैं। CEV में, "मैंने तुम्हारे एक साथ आने और मेरी आराधना करने के लिए कुछ समय चुना है।" गॉर्डन जे. वेनहम ने 23:2 का अनुवाद किया, "इस्राएलियों से बात कर और उनसे कह, जब आप यहोवा की नियुक्त सभाओं को बुलाते हो, तो वे पवित्र सम्मेलन हैं ; ये मेरी सभाएं हैं" (गॉर्डन जे. वेनहम, *द बुक ऑफ़ लैव्यव्यवस्था*, द न्यू इंटरनेशनल कमेंट्री ऑन द ओल्ड टेस्टमेंट [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1979], 297)। [8]बाद के वर्षों में यहूदियों ने सब्त को एक साथ इकट्ठा करने के लिए एक समय के रूप में देखा, यह नए नियम से स्पष्ट है। यीशु के विषय में, लूका ने लिखा, "जैसा कि उसकी रीति थी, वह सब्त के दिन आराधनालय में गया, और [पवित्रशास्त्र] पढ़ने के लिए खड़ा हुआ" (लूका 4:16)। [9]जिस इब्रानी वाक्यांश का अनुवाद "गोधूलि" (בֵּין הָעַרְבָּיִם, *बीन हारबेयिमम*) का शाब्दिक अर्थ है "दो संध्याओं के बीच।" [10]पहले महीने के लिए बेबीलोनियन नाम "निसान" है। इस शब्द का उपयोग बेबीलोन की दासत्व के बाद लिखित पुराने नियम की पुस्तकों में किया गया है (नहेम्य. 2:1; एस्तेर 3:7)।

[11]यीशु को उसके शिष्यों के साथ फसह के भोजन खाने के बाद क्रूस पर चढ़ाया गया था (मत्ती 26:17)। आज भी, यहूदी लैव्यव्यवस्था 23 में वर्णित फसह और अन्य पर्वों को मनाते हैं। [12]उन बलिदानों के सम्बन्ध में जो अखमीरी रोटी के पर्व के दौरान चढ़ाए जाते थे, देखें गिनती 28:17-25. [13]भेद के लिए एक संभावित छूट 23:39 में दी गई है, जो झोपड़ियों के पर्व के संदर्भ में "पहले दिन विश्राम करने और आठवें दिन विश्राम करने" की बात करता है। हालांकि, यह वाक्यांश इस थीसिस से इनकार नहीं करता कि अधिकांश पर्वों के दिनों में केवल "परिश्रम के काम" पर प्रतिबंध था। कोई "परिश्रम का काम" न करने के परिणामस्वरूप किसी के पास "विश्राम का दिन" होगा, ठीक उसी प्रकार जैसा कि किसी भी प्रकार के काम से बचना होगा। [14]राइट, 151.[15]एक वैकल्पिक दृष्टिकोण यह है कि इन कार्यों को इस्राएल की तरफ़ से सिर्फ़ एक बार किया जाता था, समस्त इस्राएल की फसल ऋतु की पहली उपज का प्रतिनिधित्व करने के लिए केवल एक पूले को "घुमाया जाता था" और केवल एक मेमने को बलि चढ़ाया जाता था। [16]एक "एपा" लगभग एक बुशल है। [17]एक "हीन" लगभग एक गैलन है। [18]रॉबर्ट पी. गॉर्डन, "लेवीटिकस," इन द न्यू लेमैन बाइबिल कमेंट्री, एड. जी. सी. डी. हॉली, एफ. एफ. ब्रूस, एण्ड एच. एल. एलिसन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोंडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1979), 232. [19]करेन रान्डॉल्फ़ जोइनेस, "फीस्ट्स एण्ड फ़ेस्टिवल्स," इन द *मर्सर डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल*, एड. वाटसन ई. मिल्स (मैकन, जोर्जिया: मर्सर यूनिवर्सिटी प्रेस, 1991), 297. [20]अखमीरी रोटी का पर्व सदैव महीने के पंद्रहवें दिन आरम्भ हुआ, इसलिए यह सप्ताह के किसी भी दिन आरम्भ हो सकता है; परन्तु, चूंकि यह सात दिनों तक चलता था, तो इसमें सदैव एक सब्त सम्मिलित होगा। यहाँ दी गई व्याख्या के अनुसार, नववर्ष के पर्व के लिए उलटी गिनती उस सब्त के बाद के दिन आरम्भ होगी।

[21]लैव्यव्यवस्था 23:11, 15 के "सब्त" के तीन अन्य विचारों पर हार्टली ने चर्चा की: (1) कुछ लोगों का मानना है कि यह अखमीरी रोटी के पर्व के पहले दिन को संदर्भित करता है, जो कि "सब्त" था जो एक "विश्राम का पवित्र दिन" था, भले ही यह सप्ताह के सातवें दिन नहीं था। (2) दूसरों का मानना है कि संदर्भ अखमीरी रोटी के पर्व के महीने के बाद, महीने के बाइसवें दिन का संदर्भ है। (3) एक और विचार यह है कि अखमीरी रोटी के पर्व के तुरन्त बाद यह सब्त का दिन था। (हार्टली, 385-86.) [22]नव-वर्ष का पर्व एकमात्र वार्षिक पर्व था जो सदैव सप्ताह के उसी दिन पड़ता था। चूंकि इसे "सातवें सब्त के बाद का दिन" माना जाता था (23:16), यह सदैव सप्ताह के पहले दिन मनाया जाता था। [23]यद्यपि यह सम्भव है कि प्रत्येक इस्राएली परिवार को दो रोटियाँ एक भेंट के रूप में लानी पड़ती थीं, यह अधिक सम्भव है कि दो रोटियों के एक समूह को समस्त मंडली की पहली उपज की प्रतिनिधि भेंट के रूप में प्रस्तुत किया जाता था। [24]ग्लीसन एल. आर्चर, जूनियर, *ए सर्वे दी थे ओल्ड टेस्टामेंट इंट्रोडक्शन*, रिवाइज़्ड एण्ड एक्स्पंडेड (शिकागो: मूडी प्रेस, 1994), 259-60. [25]यद्यपि लैव्यव्यवस्था इस तथ्य का वर्णन नहीं करती है, फ़िर भी इस्राएली हर महीने के पहले दिन एक विशेष पवित्र दिन के रूप में नए चंद्रमा का पर्व मनाया करते थे (देखें गिनती 10:10; 28:11-15)। [26]शब्द "ट्रम्पेट्स (नरसिंगे)" इब्रानी शब्द में नहीं मिलता है (यह NASB में इटालिक्स में है), परन्तु इसमें कोई संदेह नहीं है कि "फूंकने" का अर्थ नरसिंगा फूंकना या बजाना है। [27]23:24 में, इब्रानी शब्द שַׁבָּתוֹן (*शाबाथोन*) का शाब्दिक अर्थ है "सब्त का विश्राम।" [28]इस पर्व से संबंधित अन्य निर्देशों के लिए, गिनती 29:1-6 देखें। [29]पुराने नियम में एकमात्र अन्य स्थान जहाँ "प्रायश्चित का दिन" वाक्यांश प्रकट होता है वह लैव्यव्यवस्था 25:9 है। [30]आयत 32 दिखाती है कि "सब्त" शब्द को कभी-कभी सप्ताह के सातवें दिन के अलावा अन्य दिनों के संदर्भ में उपयोग किया जाता था। इसका उपयोग प्रायश्चित के दिन को संदर्भित करने के लिए किया जाता है क्योंकि उस विशेष दिन लोगों को विश्राम करना था जिस प्रकार उन्होंने सब्त के दिन किया था।

[31]23:39 में इब्रानी शब्द *शबतों*का शब्दार्थ है "सबत का विश्राम।" [32]यह आज्ञा कि "सात दिन तक तुम झोपड़ियों में रहा करना" विषय कि "जितने जन्म के इस्राएली हैं" द्वारा योग्य ठहराई जाती है (23:42)। केवल इस्राएलियों को, न कि साथ रहने वाले परदेशियों को, सात दिनों तक झोंपड़ियों में रहना था। यह आज्ञा उस आज्ञा के समान है जो किसी भी खतनारहित व्यक्ति को फसह को खाने

से वर्जित करती थी (निर्गमन 12:48)। [33]आर. के. हैरिसन, *लैव्यव्यवस्था*, द टिन्डेल ओल्ड टेस्टामेंट कॉमेंट्रीस (डाउनर्स ग्रोव, इल्लिनोय: इन्टरवर्सिटी प्रैस, 1980), 217-18. [34]पुराने नियम के अन्य भाग (जैसे कि भजन और इतिहास की पुस्तकें), और साथ ही नया नियम भी, इस बात के प्रमाण प्रदान करते हैं कि इस्राएली (या यहूदी) परमेश्वर की आराधना करने के लिए सप्ताह भर उससे प्रार्थना करते थे और उसका स्तुतिगान करते थे। [35]मूसा की व्यवस्था की पर्वों से संबंधित अन्य परिच्छेदों में सम्मिलित हैं निर्गमन 23:14-17 और गिनती 28; 29. [36]फसह को मनाने के निर्देश निर्गमन 12:42-51 में पाए जाते हैं। [37]अखमीरी रोटी का पर्व उन तीन पर्वों में से है जिन्हें,निर्गमन के अनुसार, इस्राएलियों को "मानना" था (निर्गमन 23:14) और उस दिन उन्हें "प्रभु यहोवा को अपना मुख दिखाना" था (निर्गमन 23:17)। अन्य दो थे "पहले उपज की कटनी का पर्व" और "बटोरन" [या झोंपड़ियों या निवास-स्थान] का पर्व वर्ष के अन्त में" (निर्गमन 23:16)। [38]"द हीब्रू कैलेण्डर" पर एक चार्ट कोय डी. रोपर, *गिनती*, ट्रुथ फ़ॉर टुडे कमेन्ट्री (सर्ची, आर्क.: रिसोर्स पब्लिकेशन्स, 2012), 559 में मिलता है। [39]विश्राम दिन के अन्य हवाले निर्गमन 23:10, 11 और व्यवस्थाविवरण 15:1-18 में मिलते हैं। [40]प्रत्यक्षतः, नए नियम के समय में, कुछ पुराने नियम के पर्व और विश्रामदिन की आज्ञा को मसीहियों पर थोपने का प्रयास कर रहे थे। पौलुस ने कहा कि ये बातें उनकी छाया मात्र हैं जो आने वाला है, मूल वस्तुएँ मसीह है (कुलु. 2:16, 17)।

[41]एक विशेष अध्ययन "द सैबथ" कोय डी. रोपर, *निर्गमन*, ट्रुथ फ़ॉर टुडे कमेन्ट्री (सर्ची, आर्क.: रिसोर्स पब्लिकेशन्स, 2008), 688-97 में मिलता है।